चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 141 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
14 नवंबर 2024
गुरुवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
30 अधिकतम
21 न्यूनतम



Page-7

## मुख्यमंत्री लगातार दूसरे दिन महाराष्ट्र के चुनावी दौरे पर, विजयवर्गीय समेत कई पहले से डटे

# महाराष्ट्र में सक्रिय मप्र की ब्रिगेड विदर्भ में भाजपा का डबल इंजन



भोपाल/नागपुर, दोपहर मेट्रो

मप्र से कई भाजपा नेता इस वक्त महाराष्ट्र व झारखंड के विधानसभा चुनाव में ड्यूटी पर हैं। वहीं आज मुख्यमंत्री मोहन यादव फिर महाराष्ट्र चुनाव प्रचार पर निकले है। उन्होंने कल भी नागपुर में चुनाव प्रचार किया था। गौरतलब है कि कांग्रेस ने भी मप्र के कुछ नेताओं को महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र की जिम्मेदारी दी है। भाजपा नेता व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी महाराष्ट्र में सक्रिय हैं। आज महाराष्ट्र की मेलघाट और अचलपुर विधानसभा में सीएम यादव पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन जनसभा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भोपाल से चिखलदरा जिला अमरावती रवाना हुए हैं। माना जाता है कि कमलनाथ समेत कुछ अन्य केंद्रीय नेता यहां समन्वय का काम देख रहे हैं। सीएम यादव वे देर शाम तक भोपाल लौटेंगे तथा सीएम हाउस के समत्व भवन में वृहद परियोजना नियंत्रण मंडल की 125 वीं बैठक लेंगे।

### कई नेताओं का डेरा

महाराष्ट्र चुनाव में मप्र के कई बडे भाजपा नेता अपने समर्थकों के साथ डेरा डाले हुए हं। बताया जाता है कि इंदौर के ढाई सौ भाजपा नेता अलग-अलग जिम्मेदारी निभा रहे है। नागपुर जिले के प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय ने उन्हें काम सौंपे हैं। बताया जाता है कि जिले की 12 सीटों पर इंदौर नेता तैनात किए गए है। वे जनसंपर्क के अलावा जातिगत समीकरणों के हिसाब से भी वोटरों से मिल रहे है। इंदौर से मराठीभाषी महिला नेता भी यहां तैनात हैं। इनका काम मप्र की लाड़ली बहना योजना की जानकारी महाराष्ट्र की महिला वोटरों को देना है। मंत्री जगदीश देवडश, प्रहलाद पटेल व विश्वास सारंग भी इस मिशन में हैं। दरअसल भाजपा ने विदर्भ पर खास जोर लगा रखा है क्योंकि यह कांग्रेस का मजबूत गढ माना जाता है।

### मोदी युग समापन की ओर : पवार



महाराष्ट्र में विधानसभा की सभी 288 सीटों पर 20 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले तेज चुनाव प्रचार के बीच बीच, एनसीसी-एसपी प्रमुख 84 वर्षीय शरद पवार ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने एक मीडिया हाउस से बातचीत में कहा कि महाराष्ट्र चुनाव का परिणाम संदेश देगा कि मोदी युग समाप्ति की ओर है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र की जनता भाजपा और उसके सहयोगी दलों के काम से खुश नहीं है। लोकसभा चुनाव परिणाम से उनको इस बात अहसास हो गया था। यही कारण है कि अब मुख्यमंत्री को लोकलुभावन घोषणाएं करना पड़ी हैं। पवार के मुताबिक, महाराष्ट्र की जनता जानती है कि केवल वोट बटोरने के लिए ये लोग घोषणाएं कर रहे हैं। चुनाव बाद एक भी घोषणा पूरी नहीं करेंगे। पिछले 10 साल में से 8 साल इनका राज रहा, लेकिन महाराष्ट्र में कोई विकास नहीं हुआ।

### अब पंकजा ने कहा- *बंटेंगे कटेंगे* नारे की जरूरत नहीं



उधर महाराष्ट्र चुनाव में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे पर जमकर बवाल की नौबत है, यह बवाल भी भाजपा के भीतर ही है। हाालंकि इसे भांपकर ही भाजपा व महायुति ने 'एक हैं तो सेफ हैं' को महाराष्ट्र में अपने चुनाव अभियान की धुरी बनाने की कोशिश की लेकिन मतभेद भी खुलकर सामने आने लगे हैं। अजित पवार के बाद पंकजा मुंडे ने भी अब कहा है कि महाराष्ट्र को बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे की जरूरत नहीं है। हम इसका केवल इसलिए समर्थन नहीं कर सकते, क्योंकि हम भी उसी पार्टी से हैं। पंकजा ने कहा मेरा मानना है कि विकास ही असली मुद्दा है। हर व्यक्ति को अपना समझें व महाराष्ट्र में इस तरह के विषय नहीं लाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यूपी में अलग राजनीतिक परिस्थितियां हैं।



## भाई-बहन की जोड़ी संभाल रही युध्द पोतों की कमान

नईदिल्ली, एजेंसी

इंडियन नेवी में पहली बार ऐसा हुआ है कि भाई-बहन की जोड़ी एक साथ अलग-अलग युद्धपोतों की कमान संभाल रही हैं। ये जोड़ी है कमांडर प्रेरणा देवस्थली और कमांडर ईशान देवस्थली की। प्रेरणा पिछले साल भारतीय नौसेना में युद्धपोत की कमान संभालने वाली पहली महिला अधिकारी बनी थीं। वह अभी फास्ट अटैक क्राफ्ट आईएनएस ट्रिंकट की कमान संभाल रही हैं। उनके भाई, कमांडर ईशान देवस्थली को अब आईएनएस विभूति की कमान सौंपी गई है जो भारतीय नौसेना का वीर-श्रेणी का मिसाइल पोत है। इसे एक ऐतिहासिक घटना माना जा रहा है क्योंकि इससे पहले कभी भी भारतीय नौसेना में भाई-बहन ने एक साथ युद्धपोतों की कमान नहीं संभाली है। ये संयोग नौसेना में महिलाओं की बढ़ती भूमिका और उनके योगदान को भी दिखाता है।



## राजस्थान में थप्पड़ कांड उबाल पर, गिरफ्तारी देने पहुंचे मीणा

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान में एसडीएम को थप्पड़ मारने वाले नरेश मीणा अपनी गिरफ्तारी देने के लिए पहुंच गए हैं। देवली-उनियारा से निर्दलीय मैदान में उतरे नरेश मीणा ने जबसे एसडीएम को थप्पड़ मारा, तभी से बवाल मचा हुआ है। सीएम भजनलाल ने इस पूरी घटना की जानकारी ली है। वहीं मीडिया से बात करते हुए मीणा ने कहा है कि एसडीएम फर्जी वोटिंग करा रहे थे, इसलिए हमने उन्हें थप्पड़ मारा। उन्होंने कहा कि मुझ पर मिर्ची बम से हमला किया गया। पुलिस वालों ने ही गांव में खड़ी गाड़ियों में आग लगाई। मीणा ने कहा है कि जिले के एसपी, कलक्टर और उस एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की जाए। क्योंकि एसडीएम ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, उसके पति और टीचर पर वोटिंग के लिए दबाव बनाया कि अगर तुम लोगों ने वोट नहीं डाला तो सस्पेंड करवा देंगे। गांव की जिन गाड़ियों को जलाया गया है तो मैं भीख मांगकर गांव वालों के लोगों के नुकसान की भरपाई करूंगा।

## पाक पर बोले जयशंकर- किसी भी देश के एक्सक्लूसिव रिश्ते नहीं होते

नईदिल्ली, एजेंसी

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर का एक इंटरव्यू इन दिनों काफी चर्चा में है। जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई न्यूज चैनल से चर्चा में रूस के साथ दोस्ती पर बात करते हुए पाकिस्तान को आड़े हाथ लिया है। एंकर ने उनसे भारत-रूस संबंधों को लेकर सवाल पूछा था। इस पर जयशंकर ने कहा कि इससे ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत के रिश्ते प्रभावित नहीं होंगे। पाकिस्तान का उदाहरण देते हुए कहा कि आज के दौर में किसी भी देश के एक्सक्लूसिव रिश्ते नहीं होते। ऑस्ट्रेलिया की एंकर ने जयशंकर से सवाल किया था कि क्या रूस के साथ भारत की दोस्ती से ऑस्ट्रेलिया के साथ रिश्तों में कोई दिक्कत आ रही है। तब जयशंकर ने जवाब दिया कि उन्हें ऐसा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि आज के समय में किसी भी देश के एक्सक्लूसिव रिश्ते नहीं होते। जयशंकर ने पाकिस्तान का उदाहरण देते हुए कहा, अगर हम आपके तर्क के हिसाब से सोचें



तो हम कह सकते हैं कि पाकिस्तान के साथ कई देशों के रिश्ते हैं। ऐसे में भारत को भी परेशान होने की जरूरत है। विदेश मंत्री ने कहा कि रूस के साथ भारत के रिश्ते से अंतरराष्टीय समुदाय को फायदा हो रहा है। रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले पर उन्होंने कहा कि अगर हमने ऐसा नहीं किया होता तो वैश्विक ऊर्जा बाजार पूरी तरह तबाह हो जाता। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट पैदा हो गया होता। इससे पूरी दुनिया में महंगाई चरम पर होती। उन्होंने कहा कि रूस के साथ भारत के अच्छे संबंधों की वजह से ही रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत शुरू कराने में मदद मिल सकती है।

## छात्रों की हटाने की कोशिश में बवाल, छात्राओं ने मोर्चा संभाला




प्रयागराज, एजेंसी

उप्र लोक सेवा आयोग के सामने आज सुबह अचानक भारी मात्रा में पुलिस फोर्स पहुंची और आंदोलनरत छात्रों को घसीट कर ले गई। इनमें छात्र नेता आशुतोष पांडे भी शामिल हैं जो उसे वक्त धरने का नेतृत्व कर रहे थे। इस खींचतान में कई छात्राएं चोटिल हो गईं। पुलिसकर्मी बिना वर्दी के थे। छात्राओं का कहना है कि उनके साथ कोई महिला पुलिसकर्मी नहीं थी। अब छात्राओं ने ही मोर्चा संभाल लिया है और धरने का नेतृत्व कर रही हैं। दरअसल उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा 'पीसीएस प्री' और 'आरओ-एआरओ' परीक्षाओं को दो दिन में संपन्न कराने के फैसले के खिलाफ प्रयागराज में छात्रों का आंदोलन 3 दिन से चल रहा है। मुख्यालय के सामने जुटे छात्रों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदर्शन स्थल पर विशेष बल तैनात है। छात्र आयोग के बाहर रात-रात भर डटे रहकर अपना विरोध जता रहे हैं।

### बम की सूचना पर रायपुर में इमर्जेंसी लैंडिंग

**रायपुर।** आज सुबह रायपुर एयरपोर्ट पर नागपुर से कोलकाता जा रही एक फ्लाइट को बम की सूचना मिलने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इस घटना के बाद हवाई अड्डे पर हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ी कर दिया गया, और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, और विमान को तुरंत खाली करवा लिया गया। विमान में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बताया गया है, हालांकि इस घटना के बाद रायपुर एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए उड़ानें प्रभावित हुईं। सुरक्षा को लेकर विमान की जांच जारी है।




धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

मेट्रो एंकर

### भारत से नहीं है सीधा नाता, फिर भी कर्म से भारतीय

# *ट्रंप की तुलसी:* गीता पर हाथ रखकर ली शपथ अब अमेरिका की खुफिया निदेशक

वाशिंगटन, दोपहर मेट्रो

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिका की पहली हिंदू सांसद तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया विभाग का निदेशक नियुक्त करने की कहानी भी दिलचस्प है। तुलसी वह अमेरिका सांसद रही हैं जिन्होंने गीता पर हाथ रखकर शपथ ली थी। उन्होंने चार साल पहले कमला हैरिस के साथ सार्वजनिक बहस की थी और तब वह कमला पर भारी पड़ गई थीं। लिहाजा उनकी निडरता व मुखरता ने ट्रंप को कायल कर दिया है। ट्रंप ने तुलसी गबार्ड को गर्वित रिपब्लिकन बताया है तथा कहा है कि अपनी निडर स्वभाव को वे खुफिया विभाग में भी लेकर आएंगी। ट्रंप ने कहा कि एक डेमोक्रेट पार्टी से राष्ट्रपति पद की पूर्व दावेदार होने के चलते तुलसी गबार्ड को दोनों पार्टियों में समर्थन मिलता है। मुझे उम्मीद है कि वह हमें गौरवान्वित करेंगी।

दरअसल, तुलसी गबार्ड पहले डेमोक्रेट पार्टी में थीं लेकिन बाद में वे रिपब्लिकन पार्टी की हिस्सा बन गईं। तुलसी गबार्ड करीब दो दशकों तक अमेरिकी



सेना की शाखा नेशनल गार्ड में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। तुलसी गबार्ड इराक और कुवैत में भी तैनात रह चुकी हैं। हालांकि उनके पास खुफिया विभाग में काम करने का कोई अनुभव नहीं है। उन्होंने होमलैंड सिक्योरिटी समिति में भी अपनी सेवाएं दी हैं।तुलसी हवाई से साल 2013 से लेकर 2021 तक सांसद रहीं। खास बात यह है कि तुलसी गबार्ड का भारत से कोई नाता नहीं हैं, लेकिन उनकी मां ने हिंदू धर्म अपना लिया था, जिसके चलते उन्होंने अपने बच्चों के नाम भी हिंदू धर्म वाले रखे। तुलसी गबार्ड भी हिंदू धर्म को मानती हैं। जब उन्होंने संसद में शपथ ली थी तो भागवत गीता पर हाथ रखकर शपथ ली थी। साल 2020 में तुलसी गबार्ड ने डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी पेश की थी। हालांकि उन्हें पर्याप्त समर्थन न मिलने के बाद अपनी दावेदारी वापस लेनी पड़ी थी।

हैरिस के खिलाफ बहस के लिए ट्रंप की तैयारी कराई: राष्ट्रपति चुनाव के दौरान जब डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच जब राष्ट्रपति पद की बहस हुई थी, उस दौरान ट्रंप की तैयारी तुलसी गबार्ड ने ही कराई थी। इसकी वजह ये थी कि जब तुलसी गबार्ड ने साल 2020 में डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की दावेदारी पेश की थी तो उस वक्त कमला हैरिस भी दावेदारों की रेस में थी। तुलसी गबार्ड और कमला हैरिस के बीच पार्टी की आंतरिक बहस हुई थी, जिसमें तुलसी तब कमला भारी पड़ी थीं। तुलसी ने अपने जवाब से कमला हैरिस की बोलती बंद कर दी थी। यही वजह रही कि जब ट्रंप और कमला हैरिस के बीच बहस होने वाली थी तो ट्रंप की तैयारी कराने वाले लोगों में तुलसी गबार्ड भी प्रमुख थीं।

# गुरुनानक देव का 555वां प्रकाश पर्व





भोपाल, दोपहर मेट्रो। गुरुनानक देव के 555वां प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु नानकसर में विद्युत साज से सजा।

## रेड जोन में शहर, दो साल में सबसे ज्यादा प्रदूषण

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

एक ओर प्रदूषण कम करने शहर में तमाम इंतजाम हो रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर इसका ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। बुधवार बीते दो सालों में सबसे प्रदूषित दिन रहा। एक्यूआइ 375 तक पहुंच गया। हवा में प्रदूषण के स्तर के आधार पर पूरा शहर रेड जोन में है। ठंड बढ़ने के साथ राजधानी में प्रदूषण का स्तर लगातार बिगड़ रहा है। यह दूसरा मौका है जब शहर रेड जोन में है। इससे पहले 1 अक्टूबर को आंकड़ा 300 पार जा चुका है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक शाहपुरा और अरेरा कॉलोनी क्षेत्र में एक्यूआइ 375 रहा। कलेक्ट्रेट में 328 तो वहीं टीटी नगर में एक्यूआइ 320 मापा गया। शहर के तीनों हिस्सों में प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारण धुंआ बना है। पर्यावरणविद डॉ. सुभाष पांडेय ने कहा कि इस मौसम में एयर पॉल्युशन का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। जहरीली गैस कम तापमान के चलते बाहर नहीं जा पाती। 10-12 फीट की हाइट पर घूमती रहती हैं। सांस लेने के दौरान ये हमारे फेफड़ों में जाती है। पीसीबी अधिकारियों मुताबिक, हवा की स्थिति बाकी दिनों की तरह है। सर्दी बढ़ने से धुआं ठंडा होकर नीचे बैठ रहा।

## रेडियो पर किरण वाधवानी की वार्ता 17 नवंबर को



**हिरदाराम नगर.** आकाश वाणी पर 'सरकार की हमारी धरोहर योजना' वार्ता में संतनगर की समाजसेविका सिंधी महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी को सुनेंगे। रविवार 17 नवंबर को सुबह 9.30 बजे वार्ता का प्रसारण होगा। वाधवानी 10 मिनट में अपनी बात रखेंगी।

### चैन्नई में प्रशिक्षण लेने जा रहे डॉक्टर्स

# दोतरफा तैयारी: एम्स में होगा हार्ट ट्रांसप्लांट मरीजों का पैसा और भागदौड़ बचेगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी के आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अब हृदय प्रत्यारोपण सुविधा शुरू करने की तैयारी जोरों पर है। उम्मीद की जा रही है कि अगले चार महीने के भीतर यहां हृदय प्रत्यारोपण हो सकेगा। इसके लिये दोतरफा तैयारी चल रही है, अस्पताल में मशीनें आदि आ रही हैं तो चार डॉक्टरों और तीन नर्सों की टीम अगले सप्ताह प्रशिक्षण लेने चेन्नई रवाना होने वाली है। जो वहां एमजीएम हेल्थ केयर अस्पताल में 15 दिनों तक हृदय प्रत्यारोपण के लिए आधुनिक तरीके सीखेगी।**

उल्लेखनीय है कि अभी यह सुविधा दिल्ली, चैन्नई, बेंगलुरू, अहमदाबाद, गुरूग्राम, हैदराबाद में है। हालांकि इंदौर के एक निजी अस्पताल में एक बार हृदय प्रत्यारोपण हो चुका है। बताया जा रहा है कि एम्स में हृदय प्रत्यारोपण के लिए मरीज को मात्र तीन लाख रुपये खर्च करना पड़ सकते हैं। जबकि निजी अस्पतालों में हृदय प्रत्यारोपण के लिए 35 से 40 लाख रुपये




लगते हैं। भोपाल एम्स की जो टीम प्रशिक्षण के लिये जा रही है। वह टीम हृदय प्रत्यारोपण की सर्जरी, उसके पहले की सावधानियों के बारे में सीखेगी। सर्जरी के बाद मरीज की देखभाल करना और आईसीयू व ऑपरेशन थिएटर में ध्यान रखने योग्य बातों का प्रशिक्षण भी उन्हें दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक जब यह डॉक्टर प्रशिक्षण लेकर लौटेंगे, तो मरीजों में हृदय प्रत्यारोपण के लिए रजिस्ट्री बनाने का काम शुरू हो जाएगा। मरीजों की जांच शुरू हो जाएगी। चिकित्सकों का मानना है कि हृदय प्रत्यारोपण के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंगदान के प्रति लोगों की कम जागरूकता भी है।

### अस्पताल में तैयारी, मशीनें आईं



एम्स में हृदय प्रत्यारोपण के लिए आधुनिक मशीनें मंगवाई गई हैं। इनमें एक्मो मशीन, हार्ट-लंग्स मशीन, आईएडीपी मशीन, एडवांस कैथलैब आदि सुविधाएं हैं। आईसीयू भी बनकर तैयार हो गया है। इनमें एक्मो मशीन उन मरीजों के लिये काम आती है जिनका हृदय कमजोर होता है, उन्हें प्रत्यारोपण के पहले इस मशीन की सहायता से जीवित रखा जाता है। हार्ट-लंग्स मशीन पर मरीज का हृदय प्रत्यारोपण किया जाता है। इसी तरह एडवांस कैथलैब के जरिये ऑपरेशन के बाद मरीजों को रखा जाएगा। इसमें बायोप्सी की जाती है। हृदय ठीक से काम कर रहा है या नहीं, इसकी जांच की जाती है। हृदय के रिजेक्शन का पता लगाया जाता है।

अभी देश में चेन्नई में सबसे ज्यादा हृदय प्रत्यारोपित किए गए हैं। लिहाजा एम्स प्रबंधन लोगों को अंगदान करने के लिए लगातार जागरूक कर रहा है।इसके लिये जगह-जगह पर शिविर लगाए जा रहे हैं।

### सेवासदन का विद्यार्थी स्वास्थ्य जांच शिविर का समापन

## संस्कार परिवार ने किया डॉक्टरों का सम्मान

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**




दीपमाला संस्कार पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर के समापन अवसर पर डॉक्टरों एवं सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान किया गया। शिविर का आयोजन सेवासदन नेत्र चिकित्सालय ने किया था, जिसमें 1800 के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयलदास साधवानी ने बताया कि जब 3 दिसम्बर 1984 को जब गैस त्रासदी हुई थी तब स्वामी हिरदाराम सहिब जी की प्रेरणा से कैम्प लगाए गए थे एवं फिर आँखों के अस्पताल की अवश्यकता महसूस हुई तो सन् 1987 मे सेवा सदन की स्थापना की तब से लेकर लाखों लोग इस अस्पताल से लाभ उठा चुके है और आगे भी यह सेवा जारी रहेंगी। समापन कार्यक्रम में संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी ने सेवा भाव के लिए सेवासदन चिकित्सालय की सराहना की। उन्होंने बताया कि पिछ्ले तीन साल से हर साल यह शिविर आयोजित किया जाता है। शिविर के लिए ट्रस्टी आयलदास साधवानी का भी संस्कार परिवार की ओर से सम्मान किया गया। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि संस्कार विद्यालय में सेवा सदन के द्वारा जो सेवा कार्य किया गया उसके समापन अवसर पर मैं सेवा सदन के ट्रस्टी और डॉक्टरों की पूरी टीम को धन्यवाद देता हूं। शिविर में डॉ. कोमल दासवानी, डॉ रोशनी ज्ञानचन्दानी, डॉ. अजय सिंह, डॉ नीरज दुबे, डॉ अनिल प्रजापति, हेल्पर तारा छत्तानी ने सेवाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, कोर्डिनेटर सीमा शर्मा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षकाएँ उपस्थित थी। संस्था के कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने आभार व्यक्त किया।

## दीदी द्रोपदी धनवानी गुरूद्वारा में प्रकाश पर्व पर आयोजन

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

दीदी द्रोपदी धनवानी गुरूद्वारा साहिब मिनी मार्केट में 15 नवंबर को श्री गुरु नानक देवजी महाराज का 555वां प्रकाश पर्व मनाया जाएगा द्य गुरूद्वारे की वर्तमान संचालिका सोनी लालवानी ने बताया कि प्रकाश पर्व पर सुबह अमृतवेला 3.00 बजे श्री गुरु साहिबजी का प्रकाश किया जाएगा। 3.30 बजे आशा दीवार साहिब जी का पाठ और 3.45 श्री जपजी साहिब जी का पाठ होगा। सुबह 4 से 4.15 तक गुरु का सिमरन, 4.15 बजे सुखमणि साहिब का पाठ, 6.15 भोग साहिब, आनंद साहिब जी का पाठ, 6.30 शबद कीर्तन, शब्द हजारे, आनंद साहिब, चौपाई साहिब का पाठ, गुरु की अरदास होगी। सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक श्री जपजी साहिब की लड़ियां चलाई जाएंगी। शाम 5.30 से श्री जपजी साहिब जी का पाठ, श्री रेहरास साहिब जी का पाठ, मूल मंत्र का पाठ किया जाएगा। रात्रि 10 बजे से श्री जपजी साहिब जी का पाठ एवं शब्द कीर्तन किया जाएगा। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर बच्चों से गुरु की वाणी के कुछ प्रश्न उत्तर पूछे जाएंगे। गुरु का अटूट लंगर बांटा जाएगा।



**निरंजन धाम में कीर्तन:** निरंजन धाम सेवा समिति संतनगर में बुधवार से तीन दिवसीय कीर्तन दरबार की शुरूआत हुई, जिसका समापन 15 नवंबर को होगा। प्रकाश पर्व पर आयोजित दरबार में श्री गुरूशरण सिंह आगर वाले कीर्तन कर रहे है। पहले दिन सुबह शाम कीर्तन सभा हुई। 14 नवंबर को सुबह 11 और शाम छह बजे से तथा 15 नवंबर को समापन दिवस पर सुबह 11 से दो बजे कीर्तन दरबार सजेगा।

**मेट्रो एंकर** साधु वासवानी स्कूल में दादा टीएल वासवानी का स्मरण

## नूरी ग्रंथ पाठ साहिब का शुभारंभ, शाकाहार का संकल्प लिया

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

दादा टीएल वासवानी ऐसे महान संत थे जिन्होंने हमें सिमरन, समर्पण व सेवा का मार्ग दिखाया और उस पर चलने के लिए प्रेरित किया। नूरीग्रंथ पाठ नूरी जैसे विनम्र व निर्मल बनो का पाठ पड़ाता है। दादा वासवानी ने जो जीव दया की ज्योति जलायी है उस ज्योति को सदैव कायम रखेंगे। मांसाहार का त्याग कर शाकाहार भोजन अपनाएंगें। यह विचार वरिष्ठ शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने व्यक्त किए। वे साधु वासवानी स्कूल में दादा टीएल वासवानी की स्मृति में आयोजित नूरी ग्रंथ पाठ साहिब के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में समाजसेवी कन्हैयालाल रामनानी ने कहा कि साधु टी.एल वासवानी ने पशु-पक्षियों के प्रति हमें जीव दया का पाठ पढ़ाया है। पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव नंद दादलानी ने कहा, दादा वासवानी के वचनों को अपने जीवन में




उतारकर अपना जीवन सफल बनाएं। डॉ. राजकुमारी चोटरानी कहा कि दादाजी के 5 मूलमंत्र थे जिनमें सादगी, पवित्रता, अनुशासन, आज्ञापालन और स्वच्छता उनके मूलमंत्रों को अपनाकर हम अपने जीवन को सरल व अनुशासनात्मक बनाएं। संस्कार स्कूल के सचिव बंसत चेलानी, पार्षद राजेश हिंगोरानी, सुधार सभा के सचिव वासदेव मोतियानी, जनक थद्धानी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन भावना कलवानी ने तथा आभार स्वाति कलवानी ने व्यक्त किया। आरती, अनंद साहिब, अरदास, गीत एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## कार्तिक महोत्सव : भीखम के दीए जले

### सुखसागर आश्रम में बाबा रामदास उदासीन का सत्संग

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सुख सागर उदासीन आश्रम संतनगर में कार्तिक महोत्सव का 15 दिवसीय पर्व मनाया जा रहा है। प्रातः काल 5 बजे से 7 बजे तक व सायं काल 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक सत्संग कीर्तन का कार्यक्रम होता है, जिसमें बाबा रामदास उदासीन, गुरु गोविंद सिंह की वाणी, गीता पाठ, भागवत कथा व कार्तिक कथा पर प्रकाश डाल रहे हैं। इसके अलावा गोपाष्टमी पर्व भी मनाया गया, जिसमें गौ माता की पूजा अर्चना की गई। देव उठनी ग्यारस पर तुलसी विवाह हुआ। आश्रम में पांच दिवसीय भीखम के दीये जलाए गए। कार्तिक महोत्सव का समापन्न गुरु नानक जयंती के दिन होगा। कार्यक्रमों में गुरु माता राधा देवी उदासीन, संतोष उदासीन, नानक उदासीन के अलावा बाबा गोविंद दास सेवा समिति के नारायण दास सबनानी, माधू चांदवानी, तुलसी सदारंगानी, लालचंद जसवानी, राम सबनानी, श्याम



गोपलानी, माधव पारदासानी, अमित सदारंगानी, मोहन लाल, कन्हैयालाल लालवानी, उधमदास, लीलाराम लेखवानी, गोवर्धनदास सदारंगानी, रमेश दरयानी सहित सैंकड़ों धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहते है।

# मुख्यमंत्री से हुई भूपेंद्र की मुलाकात, सबकुछ ठीक होने का दिया संदेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सीडीआर रिपोर्ट निकालकर लोगों को परेशान करने, उन्हें उगाही के लिए धमकाने और फिर भाजपा में आने वाले कांग्रेसियों को कभी स्वीकार नहीं करने के बयान देने वाले पूर्व गृह मंत्री भूपेंद्र सिंह इस समय चर्चा में हैं। सिंह ने कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उनके निवास पर मुलाकात की। जिसमें कई विषयों पर बात हुई। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री ने सिंह के दोनों बयानों को भी संज्ञान में लिया। इन बयानों पर भी सिंह से चर्चा की। जिसमें सिंह ने अपना पक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने उनके सभी पक्षों को सुना। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के बाद सब कुछ ठीक हो गया है। इसके पहले मौजूदा मंत्री नागर सिंह चौहान खुलकर सामने आ गए थे। वह तो दिल्ली गए थे। वहां बात नहीं बनी तो मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। तब सरकार द्वारा वन विभाग वापस लिए जाने से नागर नाराज हुए थे और कहा था कि उनसे एक बार भी बात नहीं की गई और बड़ा विभाग लेकर छोटा विभाग थमा गया गया।

## सीडीआर रिपोर्ट को लेकर दिखा चुके हैं तेवर, मंत्री नागर भी हो चुके हैं सरकार से खफा, बाद में माने

बताया जा रहा है कि नई सरकार के गठन के बाद से कई दिग्गज नेता नाराज है। ये सरकार में उपेक्षा समेत संगठन स्तर पर तवज्जो नहीं मिलने से असहज है, जबकि पूर्व की सरकारों में ऐसे नेताओं की काफी पूछ–परक थी। अजय विश्नोई का नाम भी ऐसे नेताओं में गिना जाता है।



**कई पेंच भी :** दरअसल, दीपावली मिलन समारोह में भूपेंद्र सिंह ने कहा था कि भाजपा पहले ही स्वीकार कर ले लेकिन वे कांग्रेस से आने वालों को कभी स्वीकार नहीं कर सकते। इस बयान के बाद कई कयास लगाए गए। यह भी सोचा गया कि भूपेंद्र सिंह ने कांग्रेस से आए गोविंद सिंह राजपूत को निशाना बनाया। इसके बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने दूसरे ही दिन मीडिया से बातचीत में कह दिया था कि जो भाजपा में आ चुके हैं उनका तहेदिल से स्वागत है। इसके बाद हाल ही में सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ पुलिस के अधिकारी लोगों की सीडीआर रिपोर्ट निकाल रहे हैं, उन्हें रुपयों के लिए रिपोर्ट के आधार पर धमकाया जा रहा है। इस मुद्दे पर भी जमकर सियासत हुई थी। बताया जाता है कि उक्त बयान के बाद सरकार की ओर से भूपेंद्र सिंह से उन लोगों का ब्यौरा मांगा गया है जिन्हें सीडीआर रिपोर्ट के आधार पर धमकाया गया था।

### गौरव दिवस कल

## शहडोल व धार में बड़े आयोजन, मुख्यमंत्री भी होंगे शामिल




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश भर में शुक्रवार को गौरव दिवस मनाया जाएगा। यह दिवस बिरसा मुंडा की 150वीं जन्मजयंती के अवसर पर मनाया जा रहा है। जिसमें भगवान बिरसा मुंडा के योगदान और त्याग को याद किया जाता है। मप्र सरकार इस दिन प्रदेश के शहडोल व धार में राज्य स्तरीय कार्यक्र्म करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उक्त कार्यक्रमों में सहभागी होंगे। यह पहला मौका है जब मप्र में इस एक ही दिन दो राज्य स्तरीय आयोजन हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि गौरव दिवस वाले दिन पीएम जनमन योजना और धरती आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के विस्तार की घोषणा हो सकती है। योजना के तहत छूटे हुए विशेष पिछड़ी जातियों वाले गांवों को सरकार प्राथमिकताओं में लेकर नए कामों की स्वीकृति दे सकती है। उधर धरती आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के भी विस्तार की चर्चाएं है। मोहन सरकार वर्तमान में आदिवासियों के विकास के लिए हर स्तर पर जाकर काम करने का दावा कर रही है। ऐसे गांवों में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, बिजली जैसी सुविधाओं की उपलब्धता 100 फीसद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं ऐसे गांव के युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने पर फोकस बढ़ा दिया है।

**बिहार में बड़ा कार्यक्रम, राज्यपाल व मुख्यमंत्री शामिल होंगे:** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती वाले दिन 15 नवंबर को बिहार में केंद्र सरकार बड़ा कार्यक्रम करने जा रही है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे। राज्यपाल मंगु भाई पटेल व मुख्यमंत्री उक्त कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हो सकते हैं।

## बुधनी व विजयपुर उपचुनाव : 75 फीसदी से अधिक मतदान के बाद सियासी गुणाभाग का दौर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मप्र के बुधनी और विजयपुर विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए बुधवार को छुटपुट हिंसक घटनाओं के बीच मतदान हुआ। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में 75 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। अब इनके नतीजों पर दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों की नजरें हैं, दोनों ही स्थानों पर भाजपा व कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। लिहाजा दोनों दल मत प्रतिशत के आधार पर अपनी संभावना का आकलन कर रहे हैं। बताया जाता है कि बुधनी में 75.5 और विजयपुर में 77.42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं, कांग्रेस और भाजपा, दोनों ही दलों के नेताओं ने प्रशासन पर एक-दूसरे के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिह से भेंटकर आपत्ति जताई और घंटी बजाकर विरोध किया। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में बुधवार को फर्जी मतदान और वोट डालने से रोकने को लेकर सुबह से शाम तक झड़पें होती रहीं। दौर्द पोलिंग बूथ पर फर्जी मतदान के विरोध पर सेक्टर मजिस्ट्रेट यतेंद्र सिंह छारी पर भीड़ ने हमला कर दिया। मारपीट की व टेबल-कुर्सियां फेंक दी। उधर, विजयपुर में फर्जी मतदान का आरोप लगाकर कुछ लोगों ने सेक्टर मजिस्ट्रेट पर हमला कर दिया। मारपीट के साथ टेबल-कुर्सियां फेंक दी गई। कई जगह भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच झड़पें हुईं, फायरिंग भी हुई, इसमें कुछ लोगों के चोट लगी। यहां भाजपा और कांग्रेस नेताओं को पुलिस-प्रशासन ने नजरबंद कर दिया। बुधनी में कांग्रेस प्रत्याशी के भाई से मारपीट की गई। एक गाड़ी में तोड़फोड़ भी की गई।

## आउटसोर्स कर्मियों ने लगाए शोषण के आरोप

**भोपाल।** प्रदेश के आउटसोर्स कर्मी लगातार शोषण किए जाने की शिकायतें कर रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। फिर से कर्मचारियों ने आउटसोर्सिंग एजेंसियों की पोल खोली है। जिसमें कहा है कि कई एजेंसियां मानदेय में भी कमीशन खा रही है जिसकी वजह से जो मामूली मानदेय मिलता है उसमें भी कटौती कर ली जाती है। प्रदेश के सरकारी महकमों में आउटसोर्स कर्मियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। ये ठोस आउटसोर्स नीति और मानदेय का हिस्सा हड़पने वाले बिचौलियों से मुक्ति दिलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। एनएचएम संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने आरोप लगाए कि शासन में एक ओर बेरोजगारी खत्म् करने की बात जोरशोर से हो रही है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के कई काम हो रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य, ऊर्जा, पीडब्ल्यूडी समेत अन्य विभागों में सेवाएं दे रहे लाखों आउटसोर्स कर्मी युवाओं के शोषण पर रोक नहीं लगाई जा रही है। कोमल सिंह ने आरोप लगाए कि एनएचएम के तहत जिलों में काम करने वाले युवा आउटसोर्स कर्मियों को चार-चार महीने से मानदेय नहीं दिया जा रहा है। बिजली कंपनियों में काम करने वालों की स्थिति बुरी है। काम करते समय गलती होती है तो अधिकारी निगरानी करते समय सुधार नहीं कराते और सेवाओं से हटाया जा रहा है लेकिन मानदेय में हिस्सा हड़पने वाली आउटसोर्स एजेंसियों के खिलाफ अधिकारी कुछ नहीं करते।

## बाबूलाल गौर महाविद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन

**भोपाल।** राजधानी के भेल स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया।?भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के माध्यम से महाविद्यालय के छात्रों में भारतीय प्राचीन ज्ञान एवं संस्कृति की जानकारी होगी। उनमें अपने विषय को समझने के लिए एक नई ऊर्जा का संचार होगा है। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. समता जैन के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में महाविद्यालय के विभिन्न विषयों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के कुल 84 विधार्थियों ने आवेदन किया था पर 65 ही शामिल हुए। परीक्षा ओएमआर शीट पर हुई और परीक्षा की तैयारी हेतु पूर्व मे ही पुस्तके प्रदान की गई थी और परीक्षा में शामिल हुए छात्र भी रोचक और उत्साहित रहे।

## एबीवीपी की कल से महेश्वर से शुरू होगी मानवंदना यात्रा 1300 किमी की दूरी तय कर पहुंचेगी गोरखपुर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर खरगोन जिले स्थित महेश्वर से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर तक 13 से 21 नवंबर तक मानवंदना रथ यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा के माध्यम से लोकमाता अहिल्याबाई होलकर द्वारा महिला सशक्तिकरण, स्वशासन, भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनरुत्थान हेतु प्रयासों को जनसामान्य तक पहुंचाया जाएगा। यह यात्रा 13 नवंबर को मध्य प्रदेश के महेश्वर से शुरू होकर इंदौर, उज्जैन, भोपाल, विदिशा, रीवा, प्रयागराज, अयोध्या होते हुए 21 नवंबर को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर पहुंचेगी। अभाविप की मानवंदना यात्रा के रथ को अहिल्याबाई होलकर की राजधानी महेश्वर का स्वरूप दिया गया है, जिसमें लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति स्थापित की गई है। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थलों पर संगोष्ठी, संवाद, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाएंगे और पत्रक के माध्यम से अहिल्याबाई होलकर के जीवन से लोगों को अवगत कराया जाएगा। यह यात्रा 21 नवंबर को गोरखपुर पहुंचेगी, गोरखपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 70 वां राष्टीय अधिवेशन 22-24 नवंबर आयोजित हो रहा है।

### सरकारी हाई स्कूल व हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में प्रति सप्ताह शनिवार का दिन तय

## हर स्कूल में होगी बाल सभा, 14 हजार 250 शिक्षकों को दिया विशेष प्रशिक्षण

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रदेश के सरकारी हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में प्रति सप्ताह शनिवार को बाल सभा में कन्टीन्यूअस एण्ड कम्प्रेसिव लर्निंग एण्ड एवोल्युशन (सीसीएलई) प्रोग्राम को समाहित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थी आनंदमय वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर सक्रिय नागरिक के रूप में राष्ट निर्माण में अपनी भूमिका निवर्हन कर सकें। सीसीएलई कार्यक्रम में स्कूलों में सतत् और व्यापक शिक्षा के माध्यम से पूरे वर्ष विभिन्न सह शैक्षिक और सह पाठ्यक्रम पर केन्द्रित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित शिक्षकों ने प्रत्येक जिले में चयनित 2 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रकार प्रदेश में करीब 14 हजार 250 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। विद्यार्थियों की गतिविधियों पर आंतरिक मूल्यांकन का अधिभार भी सुनिश्चित किया गया है। बालसभा कालखंड में शिक्षक और विद्यार्थी दोनों ही एक आनंदपूर्ण वातावरण में शिक्षण गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। इससे विद्यार्थियों को सुनने, बोलने, प?ने एवं लिखने की योग्यताएं प्राप्त होती हैं। बाल सभा कालखंड में विद्यार्थियों से निंबध लेखन, समाचार पत्र लेखन, कहानी, कविता, नाट्य लेखन और वार्षिक पत्रिका का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही वाद-विवाद, कहानी, कविता वाचन, साक्षात्कार अभ्यास, तार्किक क्षमता, आकृति परीक्षण, संगीत, नृत्य, चित्रकला, क्रॉफ्ट, मूर्तिकला जैसी गतिविधियां प्रमुखता से कराई जा रही हैं। इन गतिविधियों में शामिल विद्यार्थियों को उनकी उपस्थिति के आधार पर अंक भी दिये जाने का प्रावधान भी रखा गया है। वर्ष के कैलेण्डर के अनुसार, जो विषय तय किये गये हैं, उनमें स्वास्थ्य, ट्रेफिक नियम, स्वस्थ दिनचर्या, योग, खेल एवं आहार प्रमुख हैं।



## संपादकीय

# कैसा हो सुधार कि बढ़े बचत

पिछले कुछ दिनों से भारतीय शेयर बाजार में आ रहे उतार चढ़ाव बहुत गौरतलब हो गये हैं। हालांकि बाजार का स्वभाव ही ऐसा होता है लेकिन इन दिनों जिस तरह दोनों सूचकांक चढ और उतर रहे हैं, वह अजब ट्रेंड बता रहा है। निवेशकों को इससे नुकसान हो रहा है और बडे उद्योग घरानों के शेयर भी गोता लगा रहे हैं। जहां तक अर्थव्यवस्था की बात है तो भारत को उच्च निवेश की सही आवश्यकता है ताकि वह लंबी अवधि तक ऊंची वृद्धि दर हासिल कर सके। देश विकास के जिस चरण में है, वहां हमारी घरेलू बचत वृद्धि की सहायता कर पाने की दृष्टि से अपर्याप्त है। दूसरी तरफ भारत में आने वाली विदेशी पूंजी कई रूपों में और कई लक्ष्यों के साथ आती है। मसलन कुछ विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक यानि एफपीआई शायद केवल भारत और अपने गृह देश के बीच ब्याज दरों के अंतर का लाभ उठाने के लिए आते हैं। ऐसे निवेश अल्पकालिक हैं। विदेशी निवेश की सबसे स्थिर किस्म वह है जिसे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कहा जाता है। यहां निवेशक, जो अक्सर एक बड़ा बहुराष्ट्रीय कारोबारी घराना होता है, वह दीर्घकालिक उद्देश्य के साथ भारी भरकम पूंजी निवेश करता है। पूंजी के अलावा ऐसे निवेशक बेहतरीन प्रबंधन व्यवहार और प्रौद्योगिकी भी लाते हैं जिसका अर्थव्यवस्था पर कहीं अधिक व्यापक असर होता है। ऐसे में वृहद आर्थिक नीति के दृष्टिकोण से एफडीआई को पूंजी आयात के कहीं अधिक प्राथमिकता वाले तरीके के रूप में देखा जाता है। रिजर्व बैंक ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के साथ मशविरा करके हाल में निर्देश जारी किए और कहा कि उन एफपीआई को एफडीआई के रूप में नए सिरे से वर्गीकृत किया जाएगा जहां व्यक्तिगत कंपनियों की होल्डिंग तय सीमा से अधिक होगी। विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम के तहत एफपीआई किसी कंपनी की चुकता पूंजी के 10 फीसदी तक की राशि रख सकते हैं। अगर कोई एफपीआई इस सीमा का उल्लंघन करता है तो अपेक्षा की जाती है कि वह अतिरिक्त होल्डिंग को छोड़ेगी या नए दिशानिर्देशों के अनुसार एफडीआई के रूप में दोबारा वर्गीकृत होगी। एफपीआई को सरकार से जरूरी मंजूरी लेनी होगी और निवेश करने वाली कंपनी की सहमति जरूरी होगी। इससे अन्य शर्तों मसलन कुछ क्षेत्रों में एफडीआई की सीमा आदि को पूरा करने में सुविधा होगी। पुनर्वर्गीकरण का विकल्प पोर्टफोलियो निवेशकों को किसी खास कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और विदेशी निवेश में इजाफा करने में भी मदद करेगा। यह जानने की जरूरत है कि एफपीआई जरूरी वित्तीय निवेशक हैं और उन्हें एफडीआई की सामान्य समझ में नहीं शामिल किया जा सकता है। कुछ पीएफआई लंबे समय तक निवेश किए रहना चाहते हैं नीतिगत नजरिये से देखें तो ऐसा पुनर्वर्गीकरण एफडीआई की आवक में छ्य इजाफा दिखा सकता है। इससे पूंजी तेजी से बाहर भी जा सकती है। नीतिगत बदलाव कुछ कंपनियों को नियामकीय शर्तों के अधीन आसानी से विदेशी इक्विटी पूंजी जुटाने में मदद कर सकते हैं, वहीं पुनर्वर्गीकरण के कारण एफडीआई की तादाद बढ़ सकती है और पूरी समझ में उलझाव उत्पन्न हो सकता है। बेहतर तरीका यह होता कि संसद पर दबाव बनाया जाता कि वह फेमा में जरूरी संशोधन करे तथा पोर्टफोलियो निवेशकों के लिए गुंजाइश बनाए, ताकि वे भारतीय कंपनियों में होल्डिंग बढ़ा सकें। ऐसा निवेश में स्थिरता की शर्त के साथ किया जा सकता है। यकीनन भारत को अधिक एफडीआई की जरूरत है। मगर विनिवेश और प्रत्यावर्तन को लेकर चिंताएं हैं जो बढ़ी भी हैं। कुल मिलाकर विदेशी बचत की जरूरत कारोबारी जगत में वृध्दि करने वाले कदमों से होगी।

# नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनता मध्यप्रदेश



**पर्यावरण संरक्षण को लेकर विश्व स्तर पर चिंता है। इसके लिये वैश्विक प्रयास भी किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को सौर ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण की दिशा प्रदान की है। मध्यप्रदेश ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए नये कीर्तिमान रचे हैं। प्रदेश में घर से लेकर औद्योगिक स्तर पर नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। यह प्रदेश के लिये गौरव की बात है कि यहां नवकरणीय ऊर्जा के उत्पादन की तादाद इतनी ज्यादा है कि अपने उपयोग के अलावा अन्य प्रदेशों को भी ऊर्जा प्रदान की जा रही है। यहां नवकरणीय ऊर्जा क्षमता लगभग 7 हजार मेगावॉट है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लक्ष्य है कि नवकरणीय ऊर्जा की उत्पादन क्षमता को वर्ष 2030 तक बढ़ाकर 20 हजार मेगावॉट किया जाये। प्रदेश के रीवा और ओंकारेश्वर में स्थापित सौर परियोजनाओं ने विश्व कीर्तिमान रचा है। मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी है।**

विश्व का सबसे बड़ा सिंगल साइड सौर संयंत्र रीवा सोलर प्रोजेक्ट 1590 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित है। इस प्रोजेक्ट की विशेष पहचान है। परियोजना से उत्पादित ऊर्जा का 76 प्रतिशत अंश पावर मैनेजमेंट कम्पनी उपयोग कर रही है। यही नहीं पहली बार ओपन एक्सेस से राज्य के बाहर दिल्ली मेट्रो को भी पावर सप्लाई की जा रही है। इससे प्रतिवर्ष 15.7 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन को रोका जा रहा है, यह लगभग 2 करोड़ 60 लाख पेड़ लगाने के बराबर है। इस परियोजना को भारत सरकार ने वर्ष 2017 में उत्कृष्ठ नवाचार की श्रेणी में भी शामिल किया है। प्रदेश में स्थापित हुई इस परियोजना को हार्वर्ड विश्वविद्यालय और सिंगापुर मैनेजमेंट विश्वविद्यालय में शोध का हिस्सा बनने का गौरव प्राप्त है। यही नहीं, इस प्रोजेक्ट को वर्ल्ड बैंक प्रेसीडेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। यह प्रोजेक्ट पारम्परिक कोयला आधारित बिजली से कम दरों पर सौर ऊर्जा प्राप्त करने वाली भारत की पहली परियोजना है।

रीवा और ओंकारेश्वर में स्थापित हुई सौर ऊर्जा की इस परियोजना से जो उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुए उसके बाद प्रदेश के आगर-शाजापुर-नीमच में भी 1500 मेगावॉट क्षमता के सोलर पार्क निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाये गये हैं। इसके अलावा मंदसौर में भी 250 मेगावॉट का सोलर पार्क तैयार किया गया है। इससे उत्पादित ऊर्जा मध्यप्रदेश की वितरण कम्पनियों द्वारा खरीदने का क्रम जारी है। ओंकारेश्वर में नर्मदा तट पर विश्व का सबसे बड़ा 600 मेगावॉट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन और मार्गदर्शन में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित हो रहे हैं।

मध्यप्रदेश के ओंकारेश्वर निर्मित होने वाला फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट अनोखा भी है और ऐतिहासिक भी। इस प्रोजेक्ट में पैनल से पानी की सतह को ढंकने से वाष्पीकरण कम होगा। पैनल्स की सफाई के लिये भूमिगत जल की आवश्यकता भी नहीं रहेगी। ओंकारेश्वर प्रोजेक्ट की प्रथम चरण की 200 मेगावॉट क्षमता स्थापित हो चुकी है। कुल 3900 करोड़ रुपए की लागत से संपूर्ण 600 मेगावॉट की क्षमता स्थापित होने पर यह 12 लाख टन कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी और वर्ष 2070 तक भारत सरकार के शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

प्रदेश सरकार की नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तैयार की गई योजना का लाभ लेकर प्रदेश के किसान भी ऊर्जा का उत्पादन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री कुसुम योजना से अन्नदाता ऊर्जादाता बनने की ओर अग्रसर हैं। पीएम सूर्य घर योजना से घर-घर में नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है वहीं सभी शासकीय भवनों में भी सोलर रूफटॉप की स्थापना की जा रही है। प्रधानमंत्री का वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य है। मध्यप्रदेश इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

प्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनने के साथ देश के उन राज्यों में जहां इसकी आवश्यकता है वहां आपूर्ति के लिये कदम बढ़ाये हैं। नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में होने वाले प्रयासों और परिणामों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि प्रदेश हार्ट ऑफ इंडिया के साथ-साथ अब लंग्स आफ इंडिया बनने की दिशा में आगे है।

(साभार : समर्थ फीचर्स सेवा)

# एक घुमक्कड़ संत 'सद्गुरु नानकदेव'

■ विजय बुधोलिया

'सद्गुरु जग मंह परगटिया मिटी धुंध जग चानन भया।' जगत में जब कोई सद्गुरु अवतार लेते हैं, तब उनके लोकोत्तर प्रभाव से इस संसार की असहिष्णुता, वैमनस्य, दुर्भाव, दुष्प्रवृतियाँ आदि दुर्गुणों की धुंध मिट जाती है और सहिष्णुता, सद्भाव, सद्वृति, बंधुत्व, प्रेम, करुणा आदि दिव्य गुणों का प्रकाश चारों ओर व्याप्त हो जाता है। सद्गुरु की महिमा अपार है। परमात्मा को सद्गुरु के माध्यम से ही जाना जा सकता है। गुरु वाक्य ही नाद है, गुरु वाक्य ही वेद है, क्योंकि गुरु की रसना में ही परमात्मा समाया हुआ है। गुरु ही शिव, ब्रह्म और पार्वती है।

'गुरुमुखी नाद, गुरुमुखि वेद, गुरुमुखि रहिया समाई। गुरु इसरु, गुरु गोरखु, बरमा गुरु, पारबती माई।' गुरु ही सीढ़ी है, गुरु ही नाव है, गुरु ही सरोवर है सागर है, जहाज है और सरिता है। गुरु के बिना बंधन नहीं छूटता, गुरु की कृपा से ही सहजावस्था का सुख प्राप्त होता है, गुरु के उपदेश से सुख मिलता है, गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त नहीं होता, गुरु के समान अन्य कोई तीर्थ नहीं है।

ऐसे ही एक महिमाशाली सद्गुरु नानक देव थे, जिनका जन्म 15 अप्रैल, 1469 को लाहौर से तीस मील दक्षिण-पश्चिम में स्थित तिलवंडी नाम के गाँव में हुआ था। यह गाँव आजकल ननकाना साहब के नाम से प्रसिद्ध है और सिक्खों का प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। इनके माता का नाम तृप्तादेवी और पिता का नाम कालूचंद था। पिता गांव के पटवारी थे और कृषि भी करते थे। वे जाति के खत्री थे। गुरु नानक से बड़ी एक बहन थी, जिसका नाम नानकी था।प्रायः सभी अवतारी पुरुष बचपन से ही असाधारण व्यवहार और विलक्षण बुद्धि वाले होते हैं। बालपन से ही उनके अलौकिक गुणों का परिचय मिलना शुरू हो जाता है। बालक नानक भी दिव्य गुणों से युक्त थे। वे अपना समय समवयस्कों के समान खेलकूद में न लगाकर चिंतन-मनन में लगाते थे। उनके मुखमंडल पर दिव्य आभा को देखकर और उनके स्पर्शमात्र से आनंद का अनुभव कर सबको आश्चर्य होता था। सात वर्ष की आयु में नानकदेव को पाठशाला भेजा गया। वैसे भी अध्यापक नानकदेव को ऐसा कुछ भी न पढ़ा सके, जो उन्हें न आता हो। प्रतीत होता है कि पाठशाला से दूर रहने के बाद भी गुरुदेव ने फारसी का अच्छा अध्ययन किया था।



गुरु नानक के पिता बालक की अन्तर्मुखी प्रवृति को देखकर चिंतित रहने लगे। हर कामकाजी पिता की तरह उनका उद्देश्य भी पुत्र को सांसारिक कार्यकलाप में पटु बनाना था। किन्तु, गुरुदेव का मन सत्संग और हरिभजन में ही रमता था। बालक नानक की उदासीनता से चिंतित पिता ने उन्हें वैद्य को दिखलाया। वैद्य ने उन्हें पूरी तरह निरोगी घोषित किया। बढ़ती हुई विरक्ति को देखते हुए पिता ने वर्ष 1485 में गुरुनानक का विवाह बटाला निवासी भूला की कन्या सुलक्षिणी से कर दिया। इनके गृहस्थ जीवन में दो पुत्र श्रीचंद और लक्ष्मीचंद हुए। श्रीचंद ने पिता का अनुगमन किया और उदासीन सम्प्रदाय का संस्थापक हुआ। गुरुनानक जी के बहनोई जयराम सुल्तानपुर में नवाब दौलतखां के यहाँ नौकर थे। उन्होंने गुरुनानक को भी अपने पास बुला लिया और नवाब से कह-सुनकर नौकरी लगवा दी। इन्हें मोदीखाना में तौल का काम सौंपा गया। इन्होंने अपनी बहन का मन रखने के लिए प्रेमपूर्वक तीन वर्ष तक नौकरी की। वे नौकरी द्वारा अर्जित अपना सारा धन साधु और निर्धनों को खिला देते थे। एक दिन एक साधु मोदीखाने में इनके पास आटा लेने आया। किन्तु, वे तेरा की संख्या पर अटक गए। सब कुछ तेरा ही तेरा, इस भाव से वे बार-बार तेरा-तेरा कह कर तौलने लगे। जब यह बात दौलतखां को मालूम हुई तब वह स्वयं जांच के लिए मोदीखाना आया। पर स्टाक में आटा कम होने के स्थान पर अधिक पाकर अत्यधिक आश्चर्यचकित और आनंदित हुआ। जब गुरु सुल्तानपुर में थे तब ही उनका एक साथी मरदाना तिलवंडी में उनके पास आया और साथ ही रहने लगा। वह रबाब बजाने में निपुण था। मरदाना रबाब बजाता और गुरु नानक भजन गाते। धीरे-धीरे गुरुनानक के दिव्य संगीत की कीर्ति सर्वत्र फैलने लगी। लोग भजन और उपदेश सुनने के लिए एकत्र होने लगे। गुरुनानक ने संदेश देना प्रारंभ किया।

इसी बीच एक चमत्कार हुआ। एक बार वे स्नान करते समय नदी में अन्तर्धान हो गए। लोगों ने इनकी बहुत खोज की पर न मिले। अन्त में उन्हें मृत समझ कर सभी बहुत निराश हो गए। अचानक तीन दिन बाद वे वापिस आए। उन्होंने बताया कि इन तीन दिनों में वे 'सच्चखंड' में पहुँच गए थे। जहाँ परमात्मा ने उन्हें उपदेश दिया और अमृत पिलाया। साथ ही यह भी कहा कि मैंने तुम्हें आनंदित किया अब तुम्हारे सम्पर्क में आने वाले सभी आनंदित होंगे। जाओ, नाम स्मरण करो और दान दो। उपासना करो और लोगों को उपदेश दो। तब से गुरु नानक ने अकाल पुरुष अपरम्पार,परब्रह्म, परमेश्वर को अपना गुरु माना। इस घटना के बाद गुरु नानक ने भ्रमण प्रारंभ किया। सिक्खधर्मावलम्बी उनके परिभ्रमण को उदासी कहते हैं। यात्रा में मरदाना भी उनके साथ रहता था। उन्होंने 1507 से 1511 सम्पूर्ण भारत में और बाहर भी भ्रमण किया। पहली उदासी में उन्होंने पूर्व देश की यात्रा की। यात्रा में हरिद्वार,मथुरा, अयोध्या, काशी, पटना, राजगिरि, बुद्धगया, आसाम, जगन्नाथपुरी, जबलपुर, कुरुक्षेत्र आदि स्थानों के दर्शन किए।

इसी यात्रा में काशी में उन्होंने संत कबीर और रैदास से भी सत्संग किया। दूसरी उदासी दक्षिण की ओर प्रारंभ हुई। इसमें उन्होंने बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, पुष्कर, उज्जैन, नागपुर, विदर्भ, केरल, पंडरपुर, तंजौर, तिरुचनापल्ली, रामेश्वरम् और लंका आदि का भ्रमण किया। तीसरी यात्रा में उन्होंने उत्तराखंड की यात्रा की और कांगड़ा, ज्वालामाई, कुल्लू, चम्पा, उत्तरकाशी, गोरखपुर, नेपाल, सिक्किम, भूटान, मिथिला, जनकपुर आदि स्थानों पर गए। चौथी उदासी में पश्चिमी देशों की यात्रा की और बहावलपुर, मक्का, मदीना, बगदाद,बल्ख, बुखारा, गोरखहटी, कंधार, एमनाबाद आदि स्थानों का भ्रमण किया।

देश-विदेश की यात्राओं में इन्होंने कई साधु, सन्यासियों, महात्माओं, विद्वानों, तत्वज्ञों से सत्संग किया। हर देश के आचार-व्यहार को इन्होंने निकट से देखा, समझा और जाना। इसीलिए उनका दृष्टिकोण इतना उदार और सर्वसमावेशी रहा। इस प्रकार समस्त भारत को उपदेशामृत पिलाने के पश्चात् उन्होंने अपना अंतिम समय कर्तारपुर में बिताया।

वर्ष 1539 इसवीं में गुरु अंगद को गुरुगद्दी का भार सौंप कर गुरुदेव परमज्योति में लीन हो गए। उनका व्यक्तित्व असाधारण, सरल और दिव्य था। वे सच्चे अर्थों में सद्गुरु थे। उन्होंने लोगों को अध्यात्म की ओर प्रवृत किया। लोगों के लिए उनके उपदेश बोधगम्य होते थे और सिद्धांत सहज,सरल और अनुकरणीय होते थे। वे किसी वर्ग विशेष के ही नहीं,मानव मात्र के गुरु थे। वे जहाँ भी गए वहीं वे प्रेम, करुणा, भक्ति, सेवा, त्याग, वैराग्य आदि का उपदेश लेकर गए। वे एक महान उपदेशक और धर्म सुधारक थे। साथ ही वे अपूर्व योगी और गृहस्थ संत भी थे। उनमें परदुःखकातरता की भावना गहरे में समाई थी इसलिए वे मानवमात्र को दुष्प्रवृत्तियों से उपर उठाकर समान रुप से सन्मार्ग पर लाना चाहते थे। उनके लिए हर व्यक्ति समान था। उनके मन किसी के लिए भी ऊँच-नीच की कोई भावना नहीं थी। वे एक महान कवि, संगीतज्ञ, दार्शनिक और विश्वबंधुत्व की उदात्त भाव से परिपूर्ण थे।

वस्तुतः गुरुनानक जैसी विभूतियाँ संसार में कभी-कभी ही अवतरित होती है। जो संसार को शांति, सहिष्णुता और प्रेम का संदेश देकर सन्मार्ग की ओर प्रवृत करती हैं।

(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)

**जिस व्यक्ति का आचरण दुराचारी हो, जिसकी दृष्टि अशुद्ध हो, और जो कुटिलता के लिए प्रसिद्ध हो, उससे जो मित्रता करता है, वह शीघ्र ही नष्ट हो जाता है।**

**-चाणक्य**

## आज का इतिहास

- 1681- ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के अलग रियासत बनने की घोषणा की।
- 1922- ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने ब्रिटेन में रेडियो सेवा शुरू की। वह ब्रिटेन में रेडियो प्रसारण करने वाली पहली संस्था बनी।
- 1973- ब्रिटेन की राजकुमारी ऐन ने आम नागरिक से शादी की। इससे पहले राजघराने में ऐसा नहीं हुआ था।
- 1999- अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को अमेरिका या किसी तीसरे देश को न सौंपने के कारण तालिबान पर प्रतिबंध लागू।
- 2002- चीन के राष्ट्रपति जियांग जेमिन ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- 2006- भारत तथा पाकिस्तान के विदेश सचिवों ने नयी दिल्ली में एंटी-टेररिज्म मैकेनिज्म बनाने पर सहमति जतायी।
- 2007- डेनमार्क के प्रधानमंत्री आन्द्रे फ़ाग रासमुस्सेन ने लगातार तीसरी बार देश का कार्यभार सम्भाला।
- 2008- पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस नेता अजीत पांजा का निधन।
- 2009- मंडोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के 15 डिब्बे जयपुर के बांसखो फाटक के पास पटरी से उतर गए। हादसे में 6 यात्रियों की मौत हो गई।
- 1993- विकास ठाकुर- पंजाब से आने वाले भारतीय भारोत्तोलक (वेटलिफ़्टर) का जन्म हुआ।
- 1992- अमिया कुमार मलिक- भारतीय धावक का जन्म।

## निशाना

### आ गई वो बेला !



-कृष्णेन्द्र राय

हैं सारे सतर्क ।
भर रहे ललकार ।।
देखते हैं कितना ।
हो पाता उद्धार ।।
आ गई वो बेला ।
हुआ जिसका इंतजार ।।
मन ही मन पहनने को ।
हैं आतुर अब हार ।।
भले हो जग हंसाई ।
चलते हर पल चाल ।।
हैं लगते तैयार ।
करने को बवाल ।।
पर फैसला जनता का ।
क्यों नहीं स्वीकार ।।
पर लगता है जल्द ही ।
होंगे सब फरार ।।

## बैंडबाजे एवं डीजे की धुन पर थिरके भक्तगण



# सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण के अंतर्गत शोभायात्रा निकाली

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

श्री विद्या ललिताम्बा समिति के तत्वाधान में आचार्य पंडित सोमेश परसाई के सानिध्य में आयोजित सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम के तहत बुधवार को शोभा यात्रा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नगर के विभिन्न चौक चौराहे से होती हुई नर्मदा घाट पहुंची. नर्मदा का पूजन अर्चन एवं महा आरती के उपरांत शोभायात्रा वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंची.

शोभायात्रा में बैंड बाजे एवं डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था. जिन मार्गो से शोभायात्रा निकली वहां पर नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया.

# ऐतिहासिक बांद्राभान मेला मां नर्मदा एवं तवा के संगम तट पर हुआ शुरू



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

- सांसदगणों, विधायकगणों, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक पूजन कर किया मेले का शुभारंभ

मां नर्मदा एवं तवा के संगम तट बांद्राभान में बुधवार 13 नवंबर से तीन दिवसीय बांद्राभान मेले का शुभारांभ हुआ। लोकसभा सांसद दर्शनसिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, कलेक्टर सोनिया मीना, मध्यप्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधिवत पूजा अर्चना कर बुधवार को मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ गुरुकरन सिंह, जनपद उपाध्यक्ष मंजूलता पटेल, एसडीएम नर्मदापुरम नीता कोरी, एसडीओपी पराग सैनी, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड राजेश जैन, जनपद सीईओ हेमंत सूत्रकार सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।कलेक्टर सुश्री मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरुकरन सिंह ने अधिकारियों के साथ मोटरबोट के माध्यम से नदी मार्ग द्वारा मेला क्षेत्र पर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया एवं मेले के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कार्तिक मास की पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाला सुप्रसिद्ध बांद्राभान मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचते हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन नर्मदापुरम द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। जनपद सीईओ नर्मदापुरम हेमंत सुत्रकार ने बताया कि तीन दिवस तक आयोजित होनें वाला मेला 16 नवंबर तक चलेगा। मेले में नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, सीहोर, भोपाल, राजगढ एवं अन्य जिलो से आने वाले यात्रियों व श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखते हुये मेला स्थल के पहुंच मार्गों को दुरूस्त किया गया है। मेले के लिए मुख्य घाट सहित अन्य प्रमुख स्नान घाटों तक के रेतीले क्षेत्र में आवागमन सुलभ बनाया गया है। मेला स्थल पर नदी में गहरे पानी में जाने से लोगो को रोकने के लिए बैरीकेडिंग की गई है। शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## नगर के व्यस्तम मार्गो पर कर रहे अतिक्रमण कर्ताओं से अतिक्रमण मुहिम प्रभारी के संबंधों के चर्चे

# अतिक्रमण हटाने का नोटिस देकर खानापूर्ति कर रही नगरपालिका!

- मीनाक्षी चौक के पास अवैधानिक रूप से चल रहे मेडिकल स्टोर पर किसका संरक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका अतिक्रमण हटाने के नाम पर नोटिस तो जारी कर देती है परंतु उस नोटिस को लेकर आगे कोई भी कार्रवाई नहीं करती इतना ही नहीं नोटिस वाले से जवाब भी नहीं लिया जाता. ऐसे एक नहीं कई उदाहरण नगर के अतिक्रमण महिम के दौरान देखे और सुने जा रहे.

दो महीने पहले मीनाक्षी चौक स्थित एक मेडिकल स्टोर को हटाने के लिए स्टोर संचालक से निर्माण संबंधी आवश्यक दस्तावेज मांगे थे और उसे दो हफ्ते का समय दिया गया था. स्टोर संचालक ने दस्तावेज दिए हैं अथवा नहीं यह किसी को नहीं पता.पहली बात तो यह है कि जिस जगह में स्टोर बना हुआ है वहां पर नाला है. नाले पर किसी भी निर्माण को करना अवैधानिक है. जिस समय यह स्टोर बन रहा था उस दौरान नगर पालिका के कुछ अधिकारियों ने सांठ गांठ करके इस मामले को दबा दिया. हालांकि इसमें लक्ष्मी दर्शन का खेल चला होगा इसमें कोई शक नहीं. क्योंकि नगर के इतने महत्वपूर्ण इलाके में इस तरह का अतिक्रमण हो जाना किसी आश्चर्य से काम नहीं.

जब इस निर्माण कर्ता के पास निर्माण संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र ही नहीं है तो यह भवन बनकर तैयार कैसे हो गया.

नपा ने इस भवन की जानकारी के लिए नोटिस दिए बहुत दिन हो गए हैं परंतु अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाने से संदेह गहराता जा रहा है. सूत्र बताते हैं कि नपा द्वारा इस मामले को दबाया जा रहा है. इस अवैध निर्माण को लेकर कहा जा रहा है कि इस पर कुछ राजनीतिक संरक्षण भी है.

### मीनाक्षी चौक क्षेत्र में ऐसे कई अतिक्रमण मौजूद

बरसों पहले मीनाक्षी चौक से आईटीआई रोड पर आवासीय पट्टे वितरित किए गए थे. यह पट्टे उन लोगों को वितरित किए गए थे जिनके पास रहने के मकान नहीं थे. परंतु इन रहवासियों ने इस योजना का दुरुपयोग किया. आवास के स्थान पर व्यावसायिक गतिविधियां शुरू कर दी. इस मार्ग पर सड़क किनारे जो व्यावसायिक प्रतिष्ठान बने हुए हैं वे व्यावसायिक अनुमति प्राप्त नहीं है बल्कि आवासीय व्यवस्था के तहत स्थापित है.

### नपा सीएमओ की कार्य प्रणाली सवालों के दायरे में

वर्तमान समय नगर पालिका में पदस्थ सीएमओ की कार्यप्रणाली सवालों के दायरे में है. उनके द्वारा जो भी काम किए जाते हैं उसमें पारदर्शिता का अभाव है. सीएमओ जब भी छुट्टी पर जाते हैं तो प्रभार तो अपने अधीनस्थ को सौंप जाते हैं लेकिन फाइनेंशियल चार्ज अपने रखे रहते हैं. हो सकता है उन्हें अपने अधीनस्थों पर विश्वास ना हो. या फिर यह कह सकते हैं कि वह स्वयं देयको का भुगतान अपने हाथों से ही करना चाहते हो. आखिर लक्ष्मी और कुबेर के अलावा धन की आवश्यकता किसे नहीं पड़ती.




सूत्र बताते हैं कि सीएमओ उन्ही बिलों को भुगतान करते हैं जिनमें उनका निहित स्वार्थ छुपा हुआ होता है जबकि कुछ आवश्यक भुगतानों को भी वह नजर अंदाज कर देते हैं यह सब इसलिए किया जाता है कि बेगार वाले कामों से फायदा ही क्या. वर्तमान सीएमओ के कार्यकाल की जांच होना चाहिए. इनके द्वारा जितने भी बिलों का भुगतान किया गया है.उन कामों का निरीक्षण आवश्यक रूप से किया जाना चाहिए. कई वर्षों तक इटारसी में सेवा देने वाले इस सीएमओ द्वारा इटारसी और होशंगाबाद में जितने भी टेंडर दिए गए हैं उन सब की जांच आदि ईमानदारी से हो जाए तो स्वयं को ईमानदार बताने वाले सीएमओ की कार्य प्रणाली की सारी हकीकत सामने आ जाएगी.

### जन चर्चा है कि अतिक्रमण कर्ताओं से वसूली करके हो रहे हैं वारे- न्यारे

नगर पालिका अधिकारी द्वारा कभी यह नहीं देखा गया कि नगर में कहां-कहां अतिक्रमण हो रहे हैं. और इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए अतिक्रमण अमला क्या कार्रवाई कर रहा है. नगर के चौक चौराहा पर बेतरतीब दुकान लगी हुई है. सड़कों की हालत यह है कि दोनों किनारे पर सब्जियों के, फलों के ठेले खड़े हैं. जबकि इन ठेलों को हटाने के लिए कई बार निर्देश दिए जा चुके हैं. बताया जाता है की मुख्य नगर पालिका अधिकारी के संरक्षण में ऐसा हो रहा है. जिसे अतिक्रमण हटाओ प्रभारी बनाया गया है. वह दिन भर सरकारी गाड़ी लेकर नगर में घूमते रहते हैं और अतिक्रमण कर्ताओं से वसूली करने का बेखोफ काम करते हैं. सूत्र बताते हैं कि एक दिन में हजारों रुपए की अवैध वसूली इन दुकानों से होती है जो अतिक्रमण करके अपना व्यवसाय कर रहे हैं. नगर पालिका ने जिस व्यक्ति को अतिक्रमण मुहिम का प्रभारी बनाया है वह एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी है. पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटाले को लेकर उस पर थाने में एफ आई आर भी दर्ज हो चुकी है. एक दैनिक वेतन भोगी को नगर पालिका द्वारा इतना महत्वपूर्ण काम कैसे सौंप दिया गया. यह विचारणीय प्रश्न है. जो कर्मचारी हितग्राही मूलक प्रधानमंत्री आवास योजना में लाखों रुपए का भ्रष्टाचार करके अपने साथ वरिष्ठ अधिकारियों को लाभ पहुंचा सकता है वह अतिक्रमण मुहिम के दौरान क्या कुछ नहीं कर सकता. नर्मदा महाविद्यालय, सात रास्ता, मीनाक्षी चौक रोड तथा कन्या स्कूल मार्ग जैसे व्यस्ततम मार्गों पर मनमाने तरीके से अतिक्रमण पसरा हुआ है. जबकि इन स्थानों से अतिक्रमण हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं. फिर भी अतिक्रमण फैला है इसकी वजह क्या है. या तो मुख्यनगर पालिका अधिकारी स्वयं अतिक्रमण कराने में आगे है या फिर अतिक्रमण मुहिम के प्रभारी द्वारा ही अपना निजी स्वार्थ साधने को लेकर इनको संरक्षण दिया जा रहा है. मामला जो भी हो कुल मिलाकर इतना कहा जा सकता है कि नगर में बढ़ रहे अतिक्रमण में नगर पालिका अधिकारी और अतिक्रमण मुहिम के प्रभारी की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता.

## रामेश्वर धाम के लिए रवाना हुआ तीर्थ यात्रियों का दल



**नर्मदापुरम्।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत नगरपालिका परिसर से 280 यात्रियों का दल रामेश्वरम धाम के लिए रवाना हुआ. राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, नपाध्यक्ष नीतू यादव की गरिमामयी उपस्थिति में सभी यात्रियों को मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गई.

### पैकेजिंग मूल्य से अधिक दाम लेने पर एक संस्था के विरुद्व प्रकरण पंजीबद्व किया गया

**नर्मदापुरम** । बुधवार 13 नवंबर को सोशल वर्कर सीमा कैथवास ने पैकेजिंग से अधिक मूल्य लेने की शिकायत की थी, जिसमें उनके द्वारा एस मार्ट सुपर बाजार कोठी बाजार नर्मदापुरम द्वारा फॉर्च्यूनर 15 लीटर का सोयाबीन रिफाइंड तेल में अंकित मूल्य से अधिक पैसे लेना बताया गया। सीमा की शिकायत पर नापतोल विभाग अधिकारी सलिल ल्यूक एवं आशीष श्रीवास्तव द्वारा संस्था पर पहुंचकर जांच की और संस्था के विरुद्व पैकेज नियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीकृत किया गया।

### नर्मदापुरम के अग्रणी महाविद्यालय में लगा ड्राइविंग लाइसेंस कैंप, 70 लाइसेंस बने

**नर्मदापुरम** । बुधवार को परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु कैंप लगाने के निर्देश दिए गए थे। जिसके परिपेक्ष में नर्मदापुरम के अग्रणी महाविद्यालय गृह विज्ञान महाविद्यालय के आदेश के अनुसार आज भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में महाविद्यालय के करीब 70 छात्र छात्राओं ने लाइसेंस कैंप का फायदा लेकर अपने लाइसेंस बनवाए एवं महाविद्यालय के प्राचार्य एवं उपस्थित टीम के द्वारा छात्र-छात्राओं को जिन्होंने लाइसेंस बनवाए थे

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नर्मदापुरम बना विजेता



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय वालीबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन एन ई एस शिक्षा महाविद्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्पर्धा का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक अरुण शर्मा एवं पंडित रामलाल शर्मा शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रिंस जैन ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में जिले की 6 टीमों ने भाग लिया। शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम , शासकीय महाविद्यालय हरदा , कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा, एमजीएम इटारसी , एसडीएएम सिवनी मालवा एवं एन ई एस शिक्षा महाविद्यालय नर्मदापुरम की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच शासकीय नर्मदा महाविद्यालय एवं एसडीएएम सिवनी मालवा के बीच संपन्न हुआ। जिसमें नर्मदा महाविद्यालय विजेता एवं एसडीएएम उपविजेता रहा। इस अवसर पर नर्मदा महाविद्यालय के प्रोफेसर महेश मानकर शासकीय महाविद्यालय हरदा कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी राहुल सराठे एमजीएम इटारसी के क्रीड़ाधिकारी संजीव कैथवास तथा महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. संजय गार्गव, प्रो. डा. हरिमोहन लौवंशी, कीड़ा अधिकारी रविशंकर मिश्रा, प्रवीण मीणा, श्रीमती अंबिका राजपूत एवं रिया केवट उपस्थित रहे। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद विजेता एवं उप विजेता टीमों को महाविद्यालय के प्रबंधक अरुण शर्मा एवम प्राचार्य डॉ. ज्योत्सना खरे द्वारा ट्रॉफी दी गई एवम सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। मैच के बाद संभाग स्तरीय मैच के लिए जिला नर्मदापुरम टीम का चयन किया गया तथा आगामी 23 नवंबर को महाविद्यालय में ही संभाग स्तरीय मैच का आयोजन होगा। जिसमें नर्मदापुरम तथा भोपाल संभाग की टीमों के बीच प्रतियोगिता आयोजित होगी।

## मेट्रो एंकर प्रमुख सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की अभियान संबंधी जिलेवार समीक्षा

# राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

15 नवंबर से 15 दिसंबर की अवधि में आयोजित किया जाएगा राजस्व महाअभियान 3.0

नर्मदापुरम (ईएमएस)। बुधवार को प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग श्री विवेक कुमार पोरवाल द्वारा आगामी राजस्व महा अभियान 3.0 के संबंध में राजस्व प्रकरणों की विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलेवार समीक्षा कर सभी कलेक्टर्स को इस अभियान के सफल क्रियान्वयन तथा अभियान के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राजस्व महा अभियान 3.0 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान अभियान अंतर्गत राजस्व न्यायालयों (ऋष्टस्त्र) में लम्बित प्रकरणों (नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन) का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को ऋष्टस्त्र पर दर्ज कराना, नक़्शे पर तरमीम, क्र्च्द्धस्ह का सैचुरेशन, आधार का ऋह्नक्रसे लिंकिंग, परम्परागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना आदि से जुड़े प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत किए जाएंगे। प्रमुख सचिव श्री पोरवाल ने निर्देशित किया है कि सभी कलेक्टर्स स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्राउंड ट्रुथिंग का कार्य शीघ्र ही पूरा करवाएं। इसी प्रकार उन्होंने राजस्व प्रकरणों में आधार सीडिंग की आवश्यकता पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आधार ई केवाईसी का कार्य समय सीमा में किया जाए। श्री पोरवाल ने पीएम किसान सम्मान योजना अंतर्गत शेष रहे पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने तथा अपात्र हितग्राहियों की जानकारी पीएम किसान पोर्टल पर अद्यतन कर उन्हें डिलीट किया जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई केवाईसी की कार्यवाही पीएम किसान एप, पीएम किसान पोर्टल के माध्यम से, ओटीपी द्वारा सीएससी केंद्र के माध्यम से, बायोमेट्रिक द्वारा अथवा फेस रिकॉग्निशन द्वारा संपन्न करवाए तथा पीएम किसान योजना अंतर्गत शत प्रतिशत सेचुरेशन प्राप्त करे। प्रमुख सचिव श्री पोरवाल ने प्रदेश में किसानों की फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण किए जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2024 से पीएम किसान योजना के लिए फार्मर आईडी को अनिवार्य किया गया है तथा आगामी समय में भी फार्मर आईडी अन्य योजना में अनिवार्य होगी अतः सभी जिला अधिकारी इसका अधिक से अधिक प्रचार



## मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर दो बीएलओ को नोटिस जारी

**सिवनीमालवा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को किया जाकर दावे आपत्तियां प्राप्त करने के निर्देश बैठक में प्रसारित किए गए थे जिसमें मतदान केंद्र पर 18 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के कम से कम एक मतदाता का नाम अनिवार्य रूप से जोड़े जाने हेतु निर्देश दिए गए थे परंतु विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 के दो बीएलओ उमेश कुमार शर्मा मतदान केंद्र क्रमांक 150 तथा श्रीमति नजमा खान मतदान केंद्र क्रमांक 69 द्वारा अपने मतदान क्षेत्र के अंतर्गत 18 एवं 19 वर्ष आयु के एक भी मतदाता के नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़े गए। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिवनीमालवा सरोज सिंह परिहार द्वारा सुपरवाइजर एवं बीएलओ को चेतावनी पत्र जारी किया गया था, अब संबंधित बीएलओ को कारण बताओ सूचना पत्र दिया गया है। पत्र में दिया गया है कि यदि मतदान केंद्र पर मतदाता नहीं आ रहे हैं तो आपके द्वारा मतदान केंद्र क्षेत्र का भ्रमण कर स्थानीय संस्थाओं के माध्यम से संपर्क कर नवीन मतदाताओं के नाम जोड़े जाने हेतु आवश्यक प्रयास किया जाना था। उक्त कार्य भी आपके द्वारा नहीं किया गया,जिससे निर्वाचन का महत्वपूर्ण कार्य संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 प्रभावित हो रहा है।

# सिरोंज में कांग्रेस कब तक बटी रहेगी गुटबाजी में

## चुनावी टिकट के लिए उभरते हैं नए उम्मीदवार

**जनहित की समस्याओं पर कभी नहीं करते विरोध, जनता की उम्मीदें हुईं धूमिल**

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश द् सिरोंज में कांग्रेस का विपक्ष चुनावी समय में तो सक्रिय हो जाता है, लेकिन बाकी समय में वह स्थानीय समस्याओं और जनहित से पूरी तरह मुंह मोड़ लेता है। सिरोंज के नागरिकों का कहना है कि विपक्ष सिर्फ चुनावी टिकट के दावेदार बनने के समय ही सामने आता है, जबकि जनता के मुद्दों पर इसकी आवाज कहीं खो जाती है। जिला बनाने की मांग से लेकर बुनियादी सुविधाओं तक, कांग्रेस का विपक्ष हमेशा चुप्पी साधे रहता है।

### विपक्ष की नकारात्मक राजनीतिरू चुनावी समय में सक्रियता, बाकी वक्त में चुप्पी

सिरोंज में कांग्रेस के नेता हर पांच साल में एक बार चुनावी मैदान में उतरते हैं, और तब वे अचानक से जनता के बीच सक्रिय हो जाते हैं। ये नेता चुनावी टिकट के दावेदार बनकर सड़कों पर उतरते हैं, वादे करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद इनकी गतिविधियां फिर से गायब हो जाती हैं। कभी भी किसी स्थानीय समस्या, जैसे सड़क दुर्घटनाएं, पानी की कमी या स्वास्थ्य सेवाओं की बुरी स्थिति पर उन्होंने आंदोलन या विरोध नहीं किया। यही नहीं, कांग्रेस का विपक्ष सिरोंज की जनता के लिए सिर्फ एक चुनावी उपकरण बनकर रह गया है, जो केवल अपना राजनीतिक हित साधने के लिए जनसमर्थन जुटाता है।



### जनता का आक्रोश - कांग्रेस से उम्मीदें टूट रही हैं

सिरोंज के नागरिक अब कांग्रेस के नेताओं से पूरी तरह निराश हो चुके हैं। उनका कहना है कि अगर कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाती है, तो जनता का विश्वास पूरी तरह टूट जाएगा। लोग अब कांग्रेस को सिर्फ चुनावी मौसम के दौरान ही याद करते हैं, लेकिन बाकी समय यह पार्टी उनके लिए कोई मायने नहीं रखती।

### सिरोंज में विपक्ष की राजनीति पर सवालिया निशान

सिरोंज में कांग्रेस पार्टी का विपक्ष पूरी तरह से अवसरवादी बन चुका है। चुनाव के समय नेताओं के वादे और सक्रियता केवल चुनावी लाभ के लिए होते हैं, न कि सिरोंज के विकास के लिए। जिले के मुद्दे, खासकर ष्जिला बनाने की मांगष् और बुनियादी समस्याओं को लेकर कांग्रेस का रवैया इसे एक कमजोर विपक्ष के रूप में प्रस्तुत करता है। सिरोंज के लोग अब उम्मीद करते हैं कि विपक्ष सिर्फ चुनावी राजनीति से बाहर निकलकर जनता के वास्तविक मुद्दों पर सक्रिय होगा, नहीं तो कांग्रेस का भविष्य सिरोंज में अनिश्चित रहेगा।

### कांग्रेस के नेताओं की चुप्पी, जिला बनाने की मांग और आम जनता की समस्याएं

विपक्ष के नेताओं की चुप्पी और निष्क्रियता सिरोंज के लोगों के लिए एक बड़ी निराशा का कारण बन चुकी है। सिरोंज की जनता की सबसे बड़ी मांगों में से एक है द् ष्जिला बनाने की मांगष्। लेकिन इस मुद्दे पर कांग्रेस के नेताओं की ओर से कभी कोई ठोस विरोध या आंदोलन नहीं हुआ। सिरोंज और आसपास के क्षेत्रों की बढ़ती जनसंख्या और विकास की जरूरतों को देखते हुए जिले का गठन एक अहम कदम हो सकता है। लेकिन इस मुद्दे पर कांग्रेस का विपक्ष पूरी तरह से मूक बना हुआ है। स्थानीय लोग यह महसूस करते हैं कि अगर सिरोंज को एक अलग जिला नहीं बनाया जाता, तो यह क्षेत्र सही तरीके से विकसित नहीं हो पाएगा। कांग्रेस के नेताओं का इस मुद्दे पर चुप रहना यह दर्शाता है कि वे सिर्फ चुनावी रणनीति में व्यस्त हैं, न कि वास्तविक विकास कार्यों में।

### विपक्ष का अपना राजनीतिक खेल-नेताओं के बीच टिकट के लिए होड़ और अंदरूनी विरोध

चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी में टिकट की होड़ बढ़ जाती है। सिरोंज में कांग्रेस के कई नेताओं के बीच चुनावी टिकट के लिए जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा होती है। इस प्रतिस्पर्धा के चलते यह विपक्ष केवल एक अवसरवादी राजनीति तक सीमित हो गया है। इन नेताओं की प्राथमिकता सिरोंज के नागरिकों के हित से ज्यादा अपनी राजनीति को मजबूती देना है। हालांकि, टिकट को लेकर पार्टी के अंदर भी गहरे मतभेद होते हैं। नेताओं के बीच अंदरूनी विरोध और आपसी संघर्ष इस पार्टी को कमजोर कर रहे हैं, जिससे चुनावी रणनीति और कार्यप्रणाली पर भी असर पड़ता है। इन संघर्षों की वजह से कभी एकजुटता का अभाव महसूस होता है, और नतीजतन, सिरोंज की जनता को एक सशक्त विपक्ष की उम्मीद नहीं मिल पाती।

### स्थानीय विकास पर ध्यान न देना - क्या कांग्रेस पार्टी जनहित की सच्ची उम्मीद है?

कांग्रेस पार्टी का यह निष्क्रिय रवैया सिरोंज के लिए एक बड़ी समस्या बन चुका है। स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, सड़कों की हालत और पानी की कमी जैसी बुनियादी सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। कांग्रेस पार्टी के नेता सच्चे विपक्ष की भूमिका निभाने की बजाय सिर्फ चुनावी मौसम में ही सक्रिय हो जाते हैं, जब उन्हें यह दिखाने का मौका मिलता है कि वे कुछ कर रहे हैं। यह रवैया कांग्रेस के लिए चुनावी समय के बाद राजनीतिक असफलता का कारण बन सकता है।

# पथरिया में नायब तहसीलदार ने खड़े होकर चरनोई की भूमि पर चलवा दिया ट्रेक्टर



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

दबंग लोगों पर भी अब प्रशासन का डंडा चलने लगा है, कई वर्षों से सरकारी जमीन जो गौमाता के लिए चरनोई की भूमि खाली करवाने के लिएं शासन ने सत्य आदेश दिया हैं। इसके बाद कलेक्टर और एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी धरातल पर काम करते हुए नजर आ रहे हैं। बुधवार को तहसीलदार विकास अग्रवाल, पटवारी सुनील यादव ने ग्राम पथरिया में कई सालों से दबंग लोगों के कब्जे में चरनोई की भूमि थी उस पर खड़े होकर ट्रैक्टर चलवाया इसके बाद प्रशासन अधिकारियों ने उक्त जमीन पर फिर से कोई कब्जा न कर पाए इसके लिए तार फैंसिंग भी कराई साथ ही पंचायत को उक्त जमीन दे दी है जिससे कि अब भूमि का उपयोग पशुओं के लिए के काम में आएगी बड़े स्तर पर चरनोई की भूमि पर स्वार्थी लोगों ने कब्जा करके उस पर खेती करने का काम किया जा रहा है इस वजह से मवेशी भूखे भटक रहे हैं उनकी चिंता मुख्यमंत्री मोहन यादव ने करते हुए अभिमान चलाया है उसको पूरा करने का काम स्थानीय अधिकारियों को करना है कुछ लोगों से ही जमीन खाली हुई है। अभी कई प्रभावशाली लोगों से चरनोई की भूमि खाली करवाना है उसको करने में अधिकारियों को भी कड़ी मेहनत करनी होगी तभी हो पाएगी। इन लोगों का राजनीतिक लोगों का संरक्षण भी प्राप्त है।

**इनका कहना है**

"पथरिया में चार बीघा के करीब चरनोई की भूमि थी उस पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा था इनके कब्जे से जमीन को खाली करवा कर पंचायत को सौंप दिया है।"

–विकास अग्रवाल
नायाब तहसीलदार

## कलेक्टर के आदेश पर आर्थिक मदद जारी

**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने करंट से मृत्यु हो जाने पर दो प्रकरणो में आर्थिक सहायता के आदेश जारी कर दिए है। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि बासौदा तहसील के ग्राम बालराकलां निवासी सुनील बाबू पुत्र खिलान सिंह रघुवंशी उम्र 39 की मृत्यु उपरांत मृतक की पत्नि श्रीमती संगीता रघुवंशी को चार लाख रूपए एवं अंत्येष्टी अनुदान सहायता राशि चार हजार रूपए इस प्रकार कुल चार लाख चार हजार रूपए जारी की गई है। लटेरी तहसील के ग्राम झूकरजोगी निवासी खिलान सिंह उर्फ खेलन सिंह अहिरवार उम्र 40 साल की मृत्यु हो जाने पर मृतक की पत्नि श्रीमती राजबाई अहिरवार को चार लाख रूपए एवं अंत्येष्टी अनुदान चार हजार रूपए इस प्रकार चार लाख चार हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि जारी की गई है।

# सिरोंज के बेटा-बेटी राज्य स्तरीय शालेय अंडर-19 हॉकी स्पर्धा में सिवनी से मप्र चैंपियनशिप प्राप्त कर लौटे

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता ( अंडर-19 वर्ष सीनियर ) बालक-बालिका सिवनी जिले में आयोजित हुई थी इस राज्य स्तरीय शालेय अंडर 19 हॉकी प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम में सिरोंज की 06 बेटियां एवं 03 बेटे शामिल थे। जिसमे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरोंज की छात्रा ज्योति अहिरवार, सरोज अहिरवार, शिवानी, सपना, रचना अहिरवार, सी. एम. राइज स्कूल की अंजलि दांगी ने मध्य प्रदेश उप विजेता एवं सी .एम. राइज के रवेंद्र कुशवाह, जैद खान, सुरेंद्र कोली ने मध्य प्रदेश विजेता उप विजेता की ट्राफी सिवनी जिले की कलेक्टर मुख्य अतिथि सुश्री संस्कृति जैन मैडम से प्राप्त कर अपने खेल शिक्षक जमशेद खान, खेल शिक्षक शान मियां, रीतेश केवट, प्रगति केवट के साथ सिवनी से सिरोंज आए। छात्र-छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर.के.ठाकुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार सोनी, प्राचार्य मनोज कुमार शर्मा, प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, जिला खेल अधिकारी संतोष चतुर्वेदी, खेल शिक्षक शान मिया, खेल शिक्षक जमशेद खान, केशव शर्मा, रितेश केवट, कुमारी प्रगति केवट एवं स्टाफ के सदस्यों ने एवं सिरोंज के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियो ने छात्र छात्राओं की इस उपलब्धि पर बधाई दी एवं छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# जनसुनवाई में आए 4 सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण हुआ

**कलेक्टर के निर्देशन में प्रकरणों के निराकरण की गति हुई तेज**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में त्वरित निराकरण की विशेष पहल की गई है। कलेक्टर के निर्देशन में जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निराकरण तेज गति से हो रहा है। जनसुनवाई में प्राप्त सीमांकन से संबंधित चार शिकायतों का निराकरण हो गया है। जिस पर आवेदकों ने जनसुनवाई के प्रति आभार व्यक्त किया है।

लटेरी तहसील के ग्राम बामोरी के आवेदक सरदार सिंह पुत्र किशन लाल ने अपने निजी स्वामित्व की भूमि के सीमांकन के लिए एक आवेदन प्रस्तुत किया था जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत करने के बाद कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आवेदक की भूमि का सीमांकन करने के निर्देश दिए थे जिसका सीमांकन कार्य नियत समय अवधि में पूरा किया गया है। इसके अतिरिक्त सीमांकन कराने का दूसरा आवेदन ग्राम करारिया के आवेदक रमेश साहू ने जनसुनवाई में दिया था जिस पर संबंधित पटवारी द्वारा भूमि का सीमांकन कराया गया है। तीसरा आवेदन देकर नटेरन तहसील के ग्राम बलरामपुर के आवेदक रामबाबू पुत्र प्रताप सिंह यादव ने भी सीमांकन कराए जाने की बात कही थी उक्त आवेदक के आधार पर संबंधित तहसीलदार द्वारा नियत की गई तिथि को आवेदक की भूमि का सीमांकन कराया गया है। चौथी शिकायत लटेरी तहसील के ग्राम काछीखेड़ा के आवेदक रमेश पुत्र नन्नू लाल ने की थी प्राप्त आवेदन के आधार पर उनकी भूमि का सीमांकन कराया गया है ग्राम खाईखेड़ा के आवेदक श्री रमेश द्वारा भूमि सर्वे नंबर 473७5 रकबा 1000 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन चाहा गया था। जिसे संबंधित तहसीलदार द्वारा नियत की गई तिथि को सीमांकन कराया जाकर आवेदक को संतुष्ट किया गया है। सीमांकन संबंधी शिकायतों के निराकरण हो जाने पर इन सभी आवेदकों द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए जनसुनवाई की कार्य प्रणाली की प्रशंसा की है।

गौरतलब हो कि कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह स्वयं प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम में बैठकर आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और समस्याओं को निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को नियत समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश भी मौके पर ही देते हैं। आवेदक यहां-वहां भटकें और ना उन्हें आवश्यक रूप से परेशान होना पड़े इसके लिए कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र अति शीघ्र निराकरण करने की पहल की है।

## कुरवाई तहसील के ग्राम पडौछा में राजस्व व खनिज विभाग की टीम ने रेत निकालते ट्यूब को मौके पर किया नष्ट

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशो के परिपालन में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन पर सतत नजर रखने और प्राप्त सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्यवाही संपादन की जा रही है। बुधवार को कुरवाई तहसीलदार देवदीप गौड तथा जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह रावत ने पुलिस के सहयोग से संयुक्त कार्यवाही की है। कुरवाई में अवैध उत्खनन की सूचनाएं प्राप्त हुई थी मौके पर राजस्व व खनिज अधिकारियों के द्वारा जांच पड़ताल की गई है। कुरवाई के ही ग्राम पडौछा में आंशिक रूप से ट्यूब द्वारा रेत निकालने के संकेत पाए गए मौके पर ही ट्यूब को नष्ट किया गया है यहां कोई मजदूर नहीं मिला है।





## आयुष्मान की प्रगति देखने पहुंचे एसडीएम, गति बढ़ने के दिए निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सरकार के द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु वालों बुजुर्गों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इस काम तेजी लाने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्र का जायज लेकर कार्य की प्रगति देखी। बुजुर्गों से भी आयुष्मान कार्ड के संबंध में चर्चा उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने वाली टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने मैं तेजी लाई जाए इसके अलावा उन्होंने कहा कि जितने 70 प्लस वाले बुजुर्गों की मृत्यु हो गई है उनके ग्राम पंचायत से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर उनके नाम सूची में से हटाए ऐसा होता है तो इनके नाम काम हो जाएंगे तो काम में और भी ज्यादा प्रगति दिखेंगी । कोई भी बुजुर्ग जिनकी उम्र 70 बस से अधिक है उनके नाम वंचित न रह जाएं इस बात का सभी विशेष ध्यान रखें इसरो ने नगर पालिका अंतर्गत भी इस काम की जानकारी लेकर तेज गति से आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए।



**मेट्रो एंकर** क्रेशर की आड़ में हो रहा है अवैध खान खनन, शासन को लगाया जा रहा चूना

# रात में होता है दो नम्बर का खेल, जिम्मेदार बने हैं अनजान

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



शासन के द्वारा बनाए गए नियमों का तोड़ने निकल लीज से हटकर कर जमीन में से मटेरियल निकालकर खुलेआम शासन को हर दिन को चूना लगाने का काम बखूबी किया जा रहा है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने तो खुलीं छूट दे रखी है यह तो कभी जांच करने के लिए आते नहीं है जिले में बैठकर ही खदान की निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर देते हैं इनको तो अपने काम से मतलब रहता है। सरकार को नुकसान हो रहा है होता रहे इन्हें तो हर महीने अपनी सेवा मतलब रहता है। इसी बात का फायदा उठाकर क्रेशर की आड़ में कई क्रेशर संचालकों के द्वारा बड़े खेल को अंजाम दिया जा रहा है। जितने भी क्रेशर संचालक है इन सब की लीज की जांच धरातल पर सीमांकन कलाकार कराई जाए तो बड़ा खुलासा हो सकता है पर इस तरह का कदम कौन उठायेगा यह तो देखने वाली बात होगी। विकासखंड में ज्यादातर क्रेशर मालिकों के द्वारा जितनी भूमि सरकार से लीज पर दी जाती है उससे दोगुनी जगह पर अवैध रूप से रात के अंधेरे में खुदाई करके लाखों का गोलमाल किया जा रहा है । स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी तो पूरी तरह से अनजान या फिर इनकी भी मौन सहमति है।

### सीमांकन हुआ तो खुलेगी पोल

क्रेशर स्थापित करने से पहले सरकार से जिस जमीन पर खुदाई करनी है उसकी लीज रंकब और खसरा नंबर भी निर्धारित किया जाता है उससे ज्यादा क्षेत्र में खुदाई नहीं कर सकते हैं पर यहां पर उल्टा ही देखने को मिल रहा है, लीज पर ली गई जमीन पर अधिकांश क्रेशर संचालक दिन में थोड़ी बहुत खुदाई करते हैं, पर असली खेल इनका रात के अंधेरे में शुरू होता है। इनकी जेसीबी मटेरियल निकलने के लिए सरकारी जमीन पर अवैध रूप से खुदाई करके बिना लीज के निकालकर लाखों रुपए कमाने का काम कर रहा है। इस वजह से सरकार को भी लाखों की क्षति एक-एक क्रेशर संचालक के द्वारा इस तरह से काम करके पहुंचाई जा रही है। यदि प्रशासन से जो जमीन इन्होंने ली है उसका सीमांकन कर वास्तविकता लीज की भूमि। का सीमांकन हो गया तो बड़ा बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आ सकता है ।अब देखना है कि ऐसा करने की हिम्मत अधिकारी जुटा पाएंगे या नहीं।

### एक ही रॉयल्टी कई चक्कर लगाते है

सरकारी जमीन की खुदाई करके चूना लगाने का काम तो कर ही रहे हैं । इसके साथ ही अधिकांश क्रेशर संचालकों के द्वारा रॉयल्टी की चोरी करने का काम भी किया ज। रहा है। इस खेल को अंजाम देने के लिए उनके द्वारा एक रॉयल्टी पर कई चक्कर वाहनों से लगवाई जाते नहीं है क्योंकि इनकी सेटिंग रहती है। यदि कोई पकड़ ले तो उसकी रॉयल्टी दिखाकर बचने का काम करते हैं इस तरह के मामले पहले भी जांच के दौरान सामने आ चुके है। रॉयल्टी की भी सही जांच हो जाए तो उसे पर से भी पर्दा उठ सकता है।

**इनका कहना है**

"समस्त क्रेशारो का सीमांकन करवाएंगे जांच मैं गड़बड़ी पाई जातीं हैं तो कार्रवाई भी करेंगे ।"

– हर्षल चौधरी एसडीएम

## सिरोंज को जिला बनाए जाने से आसपास के सभी ग्रामों का विकास होगा - बोहोत

**सिरोंज।** मप्र कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुभाष बोहत ने बताया कि वह सिरोंज जनपद के कई ग्रामों में लगातार कई वर्षों से घूम रहे हैं जिला मुख्यालय नहीं हो पाने के कारण जो असुविधाओं का सामना नागरिकों को करना पड़ता है यदि सिरोंज को जिला बना दिया जायेगा तो सिरोंज निश्चित रूप से प्रगति पथ पर आगे बढ़ेगा। और आसपास के जितने भी गांव जुड़ेंगे जिला मुख्यालय से या छोटी-छोटी तहसीलें बनेंगी उनका भी चुहमुखी विकास संभव हो जायेगा। वही उन्होंने राज्यपाल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि शीघ्र अतिशीघ्र सिरोंज को जिला बनाए जाए।



# 2026 एशियाड में नहीं होगा खेल गांव होटल और क्रूज में रहेंगे खिलाड़ी

**नई दिल्ली. एजेंसी**

जापान के आइची-नागोया प्रांत में आयोजित होने वाले 2026 एशियाई खेलों में खेल गांव नहीं होगा और खिलाड़ियों को होटलों तथा क्रूज जहाजों में ठहराया जाएगा। एशियाई खेलों में यह पहली बार होगा जब खिलाड़ियों के लिए कोई खेल गांव नहीं होगा। एशिया ओलंपिक परिषद की 44वीं आम सभा के दौरान जापान ओलंपिक समिति के पूर्व अध्यक्ष त्सुनेकाजू ताकेदा ने बताया कि आइची प्रांत और नागोया शहर में होने वाले आयोजन में कोई खेल गांव नहीं बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, हमने होटलों के अलावा 4,000 एथलीटों और अधिकारियों के लिए क्रूज जहाजों की व्यवस्था की है।

**दो प्रांतों में खेलों का आयोजन:** ताकेदा ने खेलों की तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा, हमारे पास खेल गांव नहीं होगा क्योंकि खेल दो प्रांतों में आयोजित किए जाएंगे। इसके बजाय हम एथलीटों और गणमान्य व्यक्तियों को होटलों और क्रूज जहाजों में ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। एशियाई खेलों की मेजबानी करना बड़े गर्व की बात है। अलग-अलग प्रांत में होने से दो जगह खेल गांव बनाना संभव नहीं है।

**कुवैत व फिलिस्तीन ने जताई चिंता:** ताकेदा का यह विचार हालांकि कुवैत और फिलिस्तीन जैसे कई ओसीए सदस्यों को पसंद नहीं आया, जिन्होंने चिंता जताई और कहा कि ऐसा कदम खेलों की भावना के अनुरूप नहीं होगा। इन देशों के अलावा नवनिर्वाचित ओसीए अध्यक्ष रणधीर सिंह भी इस विचार से खुश नहीं हैं।

### टीम व व्यक्तिगत स्पर्धाओं में कम होगी भागीदारी- ओसीए अध्यक्ष

ओसीए अध्यक्ष रणधीर सिंह ने संकेत दिया कि हम टीम के साथ-साथ व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भागीदारी की संख्या कम करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछली बार 40 खेलों में 15,000 एथलीटों ने भाग लिया था। पिछली बार फुटबॉल में 32 टीमें थीं लेकिन इस बार हम इस संख्या को शीर्ष आठ टीमों की तरह सीमित करना चाहेंगे। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत आयोजनों में भी ऐसा होगा। हमें संख्याओं को सीमित करने की आवश्यकता है। एक देश से दो या तीन से अधिक प्रतिनिधित्व नहीं हो सकते।

# इंदौर में शामी का कमबैक गेंदबाजी में संघर्ष करते दिखे

## होल्कर स्टेडियम में 10 ओवर डाले, कोच बोले- यह बहुत अच्छा रिर्टन

**इंदौर. एजेंसी**

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने करीब एक साल बाद मैदान पर वापसी की। उन्होंने इंदौर के होल्कर स्टेडियम में बंगाल की तरफ से खेलते हुए 10 ओवर की बॉलिंग की। हालांकि गेंदबाजी के दौरान वे संघर्ष करते हुए भी दिखाई दिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर शमी इस मैच में अपनी फिटनेस साबित करते हैं तो उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में चुना जा सकता है। शमी को 25 अक्टूबर को जारी स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया था। शमी ने पहले दिन 10 ओवर में 1 मेडन डालते हुए 34 रन दिए। बंगाल के कोच लक्ष्मी रतन शुक्ला ने मोहम्मद शमी को लेकर कहा कि 1 साल बाद कोई भी क्रिकेट खेलता है तो चीजें उतनी आसान नहीं होती, लेकिन शमी का फीटनेस लेवल देखकर लगता है कि उन्होंने जो काम किया वह बहुत ही अच्छा किया है। उन्होंने 10 ओवर डाले है जिसमें उन्हें देखकर काफी अच्छा लगा, इस दौरान उनकी बॉल भी कैरी हो रही थी। यह अपने आप एक बहुत ही अच्छा रिटर्न है। आज मैच में उसको देखकर लग रहा है कि वह मैच खेलने जा सकता है। लक्ष्मी ने आगे कहा कि शमी जितनी बॉलिंग करेगा अभी उसके लिए उतना अच्छा है। 1 साल बाद उसका बॉलिंग फीटनेस काफी अच्छा है। क्योंकि नेट पर बॉलिंग करना और मैच में बॉलिंग करने में जमीन-आसमान का फर्क होता है। इंदौर में मैच के दौरान मोहम्मद शमी को लेकर दर्शक काफी उत्साहित थे। दर्शकों का अभिवादन करते मोहम्मद शमी।



### 360 दिन बहुत लंबा समय

शमी ने अपनी वापसी को लेकर सोशल मीडिया हैंडल पर कहा, 360 दिन बहुत लंबा समय है। रणजी ट्रॉफी के लिए पूरी तरह तैयार हूं। डोमेस्टिक स्टेज पर अब उसी जुनून और एनर्जी के साथ खेलूंगा। आइए इस सीजन को यादगार बनाएं। शमी को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम में चुने जाने की उम्मीद थी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले शमी की फिटनेस पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। हालांकि, उन्हें पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में नहीं चुना गया। टीम चुने जाने से ठीक पहले शमी ने कहा था कि उन्हें बंगाल से एक या दो रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया जाने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के रूप में आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। शमी ने इसी साल जनवरी में इंग्लैंड जाकर अपनी एंकल की सर्जरी कराई थी। उन्होंने पिछले कई महीने बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैबिलिटेशन किया। वह इंडिया की ओर से 64 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। शमी के नाम 229 टेस्ट विकेट हैं।

# 45वां शतरंज ओलंपियाड आज से शुरू भारतीय टीमों की नजरें पदक जीतने पर

**बुडापेस्ट. एजेंसी**

डी हरिका और आर वैशाली की अगुवाई वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम बुधवार से यहां शुरू होने वाले 45वें शतरंज ओलंपियाड में पोडियम पर पहुंचने की मजबूत दावेदार होगी जबकि डी गुकेश की अगुवाई वाली पुरुष टीम से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। कोनेरू हम्पी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रही हैं लेकिन इससे भारत की संभावनाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए क्योंकि वैशाली ने हाल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है।

### हरिका होंगी शीर्ष बोर्ड पर

हम्पी की गैरमौजूदगी में शीर्ष बोर्ड पर ग्रैंडमास्टर डी हरिका होंगी। अन्य बोर्ड पर वैशाली, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल अपनी चुनौती पेश करेंगी। तानिया सचदेव को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में चुना गया है लेकिन उन्हें भी कुछ मैच में उतारा जा सकता है।



# एसजीबी पूरी तरह बंद करने की घोषणा कर सकती है सरकार



## मेट्रो बाजार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) के जरिए 15,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना टाल सकती है। सूत्रों ने कहा कि इससे देश के राजकोषीय घाटे में 0.05 फीसदी की कमी आने का अनुमान है। साथ ही केंद्र सरकार एसजीबी की बिक्री हमेशा के लिए बंद कर सकती है। सरकार इसका फैसला इस महीने के अंत तक आरबीआइ के साथ बैठक करने के बाद ले सकती है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2024-25 के आम बजट में एसजीबी जारी करने के लक्ष्य को 38 फीसदी घटा दिया था। अब सरकार इसे पूरी तरह बंद कर सकती है। एसजीबी बंद होने की अटकलों से शेयर बाजार में ट्रेड होने वाले एसजीबी गोल्ड के मार्केट प्राइस से 9 फीसदी से 13 फीसदी तक अधिक कीमत पर ट्रेड कर रहे हैं। इसके बावजूद निवेश सलाहकार एसजीबी को पोर्टफोलियो डायवर्सिफिकेशन के लिए बेहतर बता रहे हैं। क्वांटम एएमसी के चिराग मेहता ने कहा, एसजीबी मेंकम लागत, चोरी होने का खतरा नहीं और सालाना 2.5 फीसदी ब्याज मिलता है। एसजीबी गोल्ड में निवेश का बेस्ट तरीका है।




**...तो बढ़ेंगे एसजीबी के दाम:** सेकेंड्री मार्केट में लिस्टेड एसजीबी बीएसई और एनएसई के कैश सेगमेंट में ट्रेड के लिए उपलब्ध हैं। निवेशक इन्हें डीमैट अकाउंट के जरिए खरीद और बेच सकते हैं। नया इश्यू न आने की स्थिति में इन बॉन्ड की मांग बढ़ने की संभावना है और गोल्ड के रेफरेंस प्राइस के मुकाबले एसजीबी की कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

## आयात बढ़ने की संभावना से तुअर, उड़द व चने में गिरावट

**इंदौर, एजेंसी**

सरकार ने त्योहारी महीनों में दलहन की कीमतों को नियंत्रण करने किए आयात बढ़या है, जिससे तुअर, उड़द और चने की कीमतों में गिरावट आई है। सूत्रों का कहना है कि दिसंबर तक ऑस्ट्रेलिया से 10 से 15 लाख टन देसी चना का आयात होने की संभावना है। म्यांमार से लगभग 4 लाख टन उड़द और 3 लाख टन तुवर का आयात किया गया है,



जबकि मोजाबिक जैसे अफ्रीकी देशों से आयात शुरू हो चुका है। व्यापारियों के अनुसार मोजाम्बिक से तुवर के 30 हजार टन के दो जहाज भारतीय बंदरगाहों पर पहुंच चुके है। वहीं किराना बाजार में खोपरा गोला व खोपरा बूरा के भाव में मजबूती रही। चने के भाव कम होने से बेसन में नरमी आई। बेसन 5050 रुपए प्रति 50 किलो बोरी बिका। शकर में उठाव कमजोर रहा।

## खिताब का बचाव नहीं कर सका भारत

**हैदराबाद. एजेंसी**

सीरिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2024 अपने नाम कर लिया। उसने 2018 और 2023 की चैंपियन भारतीय टीम का खिताबी हैट्रिक बनाने का सपना तोड़ दिया। सीरिया ने फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम को 3-0 से करारी शिकस्त दी। सीरिया की ओर से महमूद अल असवाद ने 7वें, दालेहो ईरानदुस्त ने 76वें और पाब्लो सब्बाग ने 90+6वें मिनट में गोल दागे। वहीं कई मौके बनाने के बावजूद भारतीय टीम गोल नहीं कर सकी।

## जापान को 5-1 से दी करारी शिकस्त भारतीय हॉकी टीम की दूसरी जीत

**हुलुनबुइर. एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जीत के क्रम को बरकरार रखते हुए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के अपने दूसरे मुकाबले में जापान को 5-1 से करारी शिकस्त दी। भारत की ओर से सुखजीत सिंह ने दूसरे और 60वें मिनट में गोल दागे, जबकि अभिषेक ने तीसरे, संजय ने 17वें और उत्तम सिंह ने 54वें मिनट में गोल किया। काजुमासा मात्सुमोतो ने जापान के लिए एकमात्र गोल 41वें मिनट में किया।



### आज मलेशिया से सामना

अब भारतीय टीम हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में बुधवार को गत उपविजेता मलेशिया से भिड़ेगी। वहीं, सोमवार को एक अन्य मैच में कोरिया ने पाकिस्तान को 2-2 से बराबरी पर रोका।

## चहल के प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 100 विकेट पूरे

**नॉर्थम्पटन. एजेंसी**

भारत के अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप के डिवीजन दो मैच में डर्बीशायर के खिलाफ नॉर्थम्पटनशायर के लिए 45 रन देकर पांच विकेट चटकाए। भारत के सीमित ओवर प्रारूप के विशेषज्ञ गेंदबाज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 100 विकेट पूरे किए। चहल ने तीसरी बार प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच विकेट चटकाए हैं। उनकी गेंदबाजी से डर्बीशायर की टीम पहली पारी में 165 रन पर सिमट गई।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# 'सिकंदर' में सलमान-रश्मिका के बाद जुड़ा एक्ट्रेस काजल अग्रवाल का नाम

फिल्म सिकंदर की शूटिंग लगातार जारी है। फिल्म में सलमान खान मुख्य भुमिका में नजर आएंगे। वहीं सलमान के साथ इस फिल्म में रश्मिका मंदाना नजर आ सकती हैं। वहीं अब एक और अभिनेत्री का नाम सामने आया है, जो अब फिल्म सिकंदर से जुड़ गई हैं। जानिए कौन हैं वह अभिनेत्री, जो भाईजान के साथ फिल्म सिकंदर में नजर आने वाली हैं। इन दिनों सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म की घोषणा सलमान ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए की थी। सिकंदर अब इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक बन गई है। प्रशंसक शूटिंग और नए कलाकारों के जुड़ने से जुड़े अपडेट का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, साजिद नाडियाडवाला प्रोडक्शन की इस फिल्म में सलमान और रश्मिका मंदाना के साथ अब एक और अभिनेत्री शामिल हो गई हैं। अभिनेत्री काजल अग्रवाल सिकंदर में शामिल हो गई हैं। वह सलमान खान, रश्मिका मंदाना, सत्यराज और प्रतीक बब्बर जैसे स्टार कलाकारों के साथ एक महत्वपूर्ण भूमिका में शामिल होंगी। उनके किरदार के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

**'सिंघम' का हिस्सा रह चुकी हैं काजल:** बता दें, काजल अग्रवाल अधिकतर तेलुगु और तमिल में नजर आती हैं। काजल बॉलीवुड की फिल्म सिंघम में नजर आ चुकी है। इसके अलावा काजल फिल्म स्पेशल 26 जैसी फिल्मों में भी बेहतरीन काम से दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं। सिंघम में काजल, अजय देवगन के साथ नजर आई थीं, वहीं स्पेशल 26 में उनके अभिनय की जमकर तारीफ हुई थी।

**सिकंदर में सलमान का किरदार:** एआर मुरुगदास के निर्देशन में बन कर तैयार होने वाली सिकंदर में सलमान खान एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाएंगे, जो गलत के साथ गलत और सही के साथ सही है।



# अपारशक्ति ने साझा किया दर्द, कहा- ट्रेलर लॉन्च के दौरान मंच पर आने से रोका गया



अपारशक्ति खुराना हिंदी फिल्मों के जाने-माने अभिनेता हैं। हाल में ही वह ब्लॉकबस्टर फिल्म स्त्री 2 में नजर आए हैं। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचा रही है। फिल्म में अपारशक्ति की कॉमिक टाइमिंग और अन्य कलाकारों के साथ उनकी जुगलबंदी दर्शकों को काफी भा रही है। इस फिल्म के अलावा भी आयुष्मान खुराना ने कई फिल्मों में सहायक अभिनेता की भूमिका निभाई है। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू में काफी सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि एक फिल्म के अभिनेता ने ट्रेलर लॉन्च के दौरान उन्हें मंच पर न आने देने के लिए निर्माताओं को से बात की थी।

**एक मुख्य अभिनेता ने कर दी थी अनदेखी:** अभिनेता के हालिया बयान से साफ होता है कि कुछ लोग बॉलीवुड में अपने रसूख का गलत इस्तेमाल करते हैं। मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना के भाई अपारशक्ति खुराना ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि एक फिल्म के मुख्य अभिनेता ने काफी बुरा उदाहरण पेश किया था। उन्होंने कहा कि एक अभिनेता ने निर्माताओं से ट्रेलर लॉन्च के समय कहा था कि उन्हें मंच पर न आने दिया जाए। अपारशक्ति ने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान कलाकारों और क्रू के सदस्यों के साथ काफी वक्त बिताया था, लेकिन इतने बड़े दिन पर इस अनदेखी से उन्हें काफी बुरा महसूस हुआ था। ट्रेलर लॉन्च के दौरान मंच पर आने से रोक दिए गए थे अभिनेता अभिनेता ने कहा, हम सभी ने ट्रेलर लॉन्च से पहले फिल्म देखी थी, जो बहुत अच्छी बनी थी। हम सभी को फिल्म पसंद आई, लेकिन ट्रेलर लॉन्च के दिन अभिनेता ने निर्माता से तीन मिनट पहले कहा कि अपारशक्ति को मंच पर नहीं होना चाहिए, आप सभी अन्य अभिनेताओं को बुला सकते हैं।卐 अभिनेता ने बताया कि वह इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए अमृतसर से विशेष रूप से मुंबई आए थे, लेकिन मुख्य अभिनेता ने सबके सामने उन्हें सार्वजनिक रूप से अनदेखा कर दिया था।

# फिल्म 'वॉर 2' में होगा ऋतिक रोशन-कियारा आडवाणी का रोमांटिक ट्रैक, इटली में होगा शूट

वॉर 2 ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के एक्शन सक्वेंस को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई है। वहीं अब इस फिल्म को लेकर जानकारी सामने आई है कि फिल्म में ऋतिक और कियारा आडवाणी का एक बेहद ही रोमांटिक सॉन्ग होगा, जिसे इटली में शूट किया जाएगा। इन दिनों ऋतिक रोशन अपनी आगामी एक्शन ड्रामा फिल्म वॉर 2 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में ऋतिक के साथ पहली बार जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। फिल्म को लेकर एक जानकारी सामने आई है, जिसके मुताबिक वॉर 2 में कियारा और ऋतिक का एक रोमांटिक ट्रैक हो सकता है, जिसको इटली में शूट किया जाएगा। निर्देशक अयान मुखर्जी वॉर 2 के प्रोडक्शन को इटली ले जाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 18 सितंबर, 2024 से, टीम इटली में ऋतिक और कियारा आडवाणी पर प्रीतम द्वारा रचित एक रोमांटिक सॉन्ग की शूटिंग शुरू होगी। वॉर 2 के गाने की शूटिंग इटली लगभग 15 दिनों तक चलेगी। अयान ने रोमांटिक गाने को फिल्माने के लिए वहां पर पूरी योजना बनाई है। इस गाने में ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी का अब तक का सबसे ग्लैमर अवतार नजर आएगा।





**प्रीतम ने तैयार किया है खास गाना:** प्रीतम द्वारा रचित इस गीत का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है और इसे वेनिस, टस्कनी, लेक कोमो, नेपल्स, अमाल्फी तट और सोरेंटो सहित कई खूबसूरत स्थानों पर फिल्माया जाएगा। गीत के बाद, क्रू अक्तूबर की शुरुआत में भारत लौटेगा। बता दें कि वॉर 2 आदित्य चोपड़ा की वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की छठी किस्त है, इससे पहले एक था टाइगर (2012), टाइगर जिंदा है (2017), वॉर (2019), पठान (2023) और टाइगर 3 (2023) आ चुकी हैं। यह फिल्म एनटीआर जूनियर की हिंदी सिनेमा में पहली फिल्म भी है। वॉर 2 को लेकर ऋतिक और जूनियर एनटीआर के प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं।

काम की बात करें तो कियारा 'वॉर 2' के अलावा फिल्म गेम चेंजर में राम चरण के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा कियारा निर्देशक फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 में भी नजर आएंगी। वहीं जूनियर एनटीआर वॉर 2 के अलावा फिल्म देवरा में डबल रोल में नजर आएंगे।

### जूते खरीदने टीन शेड की ओर जा रहे थे होटलकर्मी, एक गंभीर

# रास्ते से निकलने की बात पर बड़ा विवाद होटलकर्मियों पर चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित होटल पलाश के पास मल्टी वाली सड़क पर एक्टिवा से जा रहे होटलकर्मियों पर तीन बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले की वजह रास्ते से निकलने की बात को लेकर मामूली विवा है। पुलिस ने हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार संजय नगर शाहजहांनाबाद निवासी प्रिंस परिहार (18) और उसका साथी मनीष रिछारिया लालघाटी स्थित एक होटल में हाउस कीपिंग का काम करते हैं। सोमवार रात करीब 11 बजे दोनों दोस्त जूते खरीदने एक्टिवा से टीन शेड की ओर जा रहे थे। उसी दौरान जैसे ही वह पलाश होटल से होते हुए मल्टी वाली अंधेरी व सूनी सड़क पर पहुंचे, तभी तीन युवकों ने उन्हें रोक लिया और वहां से निकलने की बात को लेकर विवाद करने लगे। गाली-गलौज से शुरू



हुआ विवाद मारपीट तक जा पहुंचा। इस बीच तीनों युवकों ने चाकू से हमला करते हुए भाग निकले। हमले में मनीष रिछारिया को पीठ, सिर व हाथों में चाकू से चोट लगने से गंभीर चोट आई हैं, जबकि प्रिंस परिहार भी घायल हुआ है। घायल मनीष रिछारिया को जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि प्राथमिक इलाज के बाद प्रिंस को छुट्टी दे दी गई है। हमला करने वाले आरोपियों की पहचान टीटू, कमल व मनीष के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### इंजीनियरिंग छात्र व उसके दोस्त पर चाकू से जानलेवा हमला, 5 पर एफआईआर

अशोका गार्डन, अस्सी फिट रोड पर चाय पीने के दौरान हुए विवाद में आरजीपीवी के छात्र समेत पांच आरोपियों ने साथ पढ़ने वाले इंजीनियरिंग छात्र व उसके दोस्त पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। विवाद चाय गिरने के कारण हुआ था। पुलिस ने हत्या का प्रयास व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसआई ओमकार सिंह ने बताया कि मूलरूप से सतना निवासी हिमांशु तिवारी (20) आरजीपीवी में बीटेक का छात्र है। हिमांशु यहां हॉस्टल में रहता है। मंगलवार रात करीब 11 बजे वह अपने दोस्त वेदांत के साथ चाय पीने अस्सी फिट रोड स्थित नवाब टी स्टॉल पर आया था। वहां पर हिमांशु के साथ पढ़ने वाला आयुष भी अपने दोस्तों के साथ चाय पी रहा था। हिमांशु व आयुष भी आपस में दोस्त हैं।

# पैदल जा रहे युवक को कार ने मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हनुमानगंज इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया। चालक ने घायल का इलाज कराने से इंकार कर दिया, जिसके बाद मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस के मुताबिक कोमल महेंद्र चौधरी (34) मूलतः धुले महाराष्ट्र की रहने वाली हैं। बीती 10 नवंबर की शाम करीब सात बजे वह अपने पति महेंद्र नानेश्वर चौधरी और बच्चों के साथ ट्रेन में बैठकर इंदौर से भोपाल आई थी। प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर उतरने के बाद सभी लोग बाहर समानांतर रोड पर पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार कार ने महेंद्र को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। कार चालक ने घायल महेंद्र को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां पुलिस पहुंची थी, लेकिन



चालक ने इलाज कराने का भरोसा दिलाया था, इसलिए परिवार ने रिपोर्ट नहीं की थी। बाद में चालक ने इलाज कराने से इंकार कर दिया तो महेंद्र को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की पत्नी कोमल ने थाने जाकर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ

## बाइक से गिरकर युवक की मौत

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित समरधा पुलिया के पास मुख्य सड़क पर बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए एम्स ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। बागसेवनिया पुलिस को एम्स से सूचना मिली और पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया। घटनास्थल मिसरोद थाना क्षेत्र का होने के कारण मर्ग डायरी मिसरोद पुलिस को सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार शुभम पाल पिता ज्ञानसिंह पाल (24) सतलापुर, मंडीदीप में रहता था। वह मिसरोद में प्राइवेट काम करता था। गत 9 नवंबर की शाम वह काम कर घर लौट रहा था। कोर्टयार्ड कॉलोनी, समरधा पुलिया से पूर्व वह हादसे का शिकार हो गया। उसकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मारी या फिर वह खुद गिरा इसकी जांच की जा रही है। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। उसे एंबुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची थी, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

### रात को घर से बाहर टहलते समय हुई वारदात

# निजी बैंककर्मी के हाथ से मोबाइल फोन झपटकर बाइक सवार फरार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित गुलमोहर में बुधवार रात बाइक सवार बदमाश ने निजी बैंककर्मी के हाथ से मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 18 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार धर्मेंद्र रघुवंशी पिता रामभरोस रघुवंशी (28) मकान नंबर जी-3/505, गुलमोहर कॉलोनी शाहपुरा में रहते हैं। वे आईसीआईसीआई, लॉम्बर्ड (फायनेंस शाखा) में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया बुधवार रात वह घर के बाहर टहल रहे थे। इस दौरान उनके मोबाइल पर परिचित का कॉल आया और बात करते करते सड़क पर पहुंच गए। इस दौरान पीछे से बाइक पर एक युवक आया और उसने धर्मेंद्र के हाथ से मोबाइल झपट लिया। मोबाइल झपटने के बाद बदमाश ने बाइक की रफ्तार बढ़ाई और भाग निकला। धर्मेंद्र ने आरोपी का कुछ दूर पीछा भी किया, लेकिन वह बाइक लेकर निकल गया। धर्मेंद्र ने घटना की शिकायत तत्काल पुलिस को की। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है।



निगरानी बदमाश ने गार्ड के हाथ से मोबाइल झपटा

इधर, कटारा हिल्स नई सब्जी मंडी में निगरानी बदमाश अजय उर्फ गोल्डन ने गार्ड के हाथ से मोबाइल झपट लिया। बुजुर्ग गार्ड ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी अजय गोल्डन पर पूर्व में आधा दर्जन से अधिक अपराध दर्ज है। आरोपी सूखा नशा गांजा पीने का आदी है।

पुलिस के अनुसार छाया किराना स्टोर्स के पास चांदबड़ निवासी 65 साल के फूलसिंह माली गांव बर्रई, कटारा हिल्स में करीब पंद्रह दिन पहले शुरू हुई सब्जी मंडी में गार्ड की नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार दोपहर वह मंडी में थे और ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान वहां मंडी के सामने रहने वाला अजय गोल्डर नशे करने पहुंचा। वे मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे और आरोपी उनके पास पहुंच गया। पास पहुंचने के बाद आरोपी ने धमकी देते हुए उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया और मोबाइल लेकर निकल गया। फूलसिंह ने उसके घर पहुंचकर परिजन को शिकायत की तो परिजन उल्टा फूलसिंह को ही धमकाते हुए वहां से भगा दिया।

## नहीं थम रहा यात्रियों की जेब से मोबाइल चोरी का सिलसिला

भोपाल से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में मोबाइल फोन और सामान चोरी होने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को पांच यात्रियों की जेब से लाखों रुपये कीमत के मोबाइल फोन और नकदी रुपये चोरी हो गए। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हालांकि एक भी वारदात के आरोपियों का खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी महेंद्र सिंह शासकीय कर्मचारी हैं। मंगलवार को वह भोपाल स्टेशन काम से पहुंचे थे, तभी उनकी जैकेट की जेब में रखा एक मोबाइल फोन किसी ने चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 33 हजार रुपये बताई गई है। इधर नागपुर महाराष्ट्र निवासी श्रुति निघोट जयपुर से भोपाल स्टेशन पर आई थी। प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर घरवालों से बात करने के बाद उन्होंने अपना मोबाइल रखा और पानी पीने लगी। इसी बीच किसी ने उनका मोबाइल चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 23 हजार रुपये बताई गई है। इसी प्रकार विदिशा निवासी दीपसिंह विंध्याचल एक्सप्रेस से गुलाबगंज जाने के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इस दौरान जेब में रखा उनका मोबाइल फोन किसी ने चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल

### हमीदिया अस्पताल से नर्सिंग आफिसर की स्कूटर चोरी

**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल परिसर से दोपहिया वाहन चोरी का सिलसिला जारी है। यहां से नर्सिंग आफिसर की एक स्कूटर चोरी हो गई। कई अन्य स्थानों से भी दोपहिया वाहन चोरी हुए हैं। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सीमा कुशवाहा (37) नीलबड़ थाना रातीबड़ में रहती हैं और हमीदिया अस्पताल में नर्सिंग आफिसर हैं।

गत दिवस सुबह करीब आठ बजे उन्होंने अपनी स्कूटर हमीदिया अस्पताल परिसर के इमरजेंसी विभाग के पीछे खड़ी की थी। दोपहर करीब दो बजे घर जाने के लिए स्कूटर लेने पहुंची तो वह गायब हो चुकी थी। बाद में उन्होंने कोहेफिजा थाने जाकर स्कूटर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर भारती निकेतन गोविंदपुरा से किशन गायकवाड़ और न्यू सब्जी मंडी पिपलानी से दीपक यादव की मोटर सायकिल चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सूने मकान से जेवरात और नकदी चोरी हबीबगंज थानांतर्गत ग्यारह सौ क्वार्टर स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक आजाद कुमार वर्मा (34) ग्यारह सौ क्वार्टर में रहते हैं। पिछले दिनों पर मकान पर ताला लगाकर परिवार के साथ पुणे चले गए थे। मंगलवार को वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला और अंदर पूरा सामान बिखरा पड़ा था। बदमाश घर में रखे जेवरात और करीब तीस हजार रुपये नकद समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए थे।

# शासकीय जमीन बेचकर बिल्डर समेत दो से 22 लाख की ठगी

- पिता व उसके दो बेटों के खिलाफ धोखाधड़ी
- समेत अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा नाथू में जालसाज ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर बिल्डर को 11 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने पांच एकड़ जमीन का सौदा यह कहकर किया था कि उक्त जमीन के वे मालिक हैं, जबकि उक्त जमीन शासकीय है। इतना ही नहीं, आरोपियों ने 18 महीने बाद उसी जमीन को सौदा किसी दूसरे व्यक्ति से करते हुए 11 लाख रुपए ले लिए। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद पिता व उसके दोनों बेटों पर धोखाधड़ी व अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार लेकव्यू




कॉलोनी कोहेफिजा निवासी फराज ताहिर (41) का कंस्ट्रक्शन का कारोबार है। सितंबर 2022 में उन्होंने बरखेड़ा नाथू की पांच एकड़ जमीन के लिए बद्रीप्रसाद पाटीदार व उसके दो बेटों में पतिराम व रविशंकर से 22 लाख रुपए में सौदा किया था। एग्रीमेंट के अनुसार फराज ताहिर ने चेक के माध्यम से 11 लाख रुपए एडवांस दे दिए थे जबकि 18 माह बाद शेष रकम चुका रजिस्ट्री कराना तय हुआ था। आरोपी बद्रीप्रसाद ने फरियादी से कहा था कि गलती से खसरे में उक्त जमीन शासकीय जमीन के रूप में दर्ज हो गई है। 18 महीने में वह इस त्रुटि को ठीक कराकर रजिस्ट्री करा देगा। फरियादी को उसकी बात पर भरोसा हो गया। लेकिन 18 माह बीतने के बाद जब

## नकबजनी में फरार 2 और आरोपी गिरफ्तार

मिसरोद इलाके में नकबजनी करने वाले 2 फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले उनके एक साथी को गिरफ्तार किया गया था। तीनों आरोपियों से चोरी किया गया पूरा और वारदात में प्रयुक्त स्कूटर जब्त की है। जानकारी के अनुसान मिसरोद थानांतर्गत सलैया स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए थे। घटना के बाद पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो स्कूटर सवार तीन युवक दिखाई दिए। मुखबिरों की मदद से पुलिस ने सनी नामक युवक को गिरफ्तार कर करीब साढ़े चार लाख रुपये के जेवरात बरामद किये थे। इस मामले में लकी और विजय नामक दो आरोपी फरार थे, जिनकी तलाश में पुलिस टीम लगाई गई थी। मंगलवार को सूचना मिली कि दोनों फरार आरोपी सलैया स्थित स्कूल के पास देखे गए हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लकी न्यू अम्बेडकर नगर दामखेड़ा कोलार का रहने वाला है। वह कोलार की गुंडा सूची में शामिल है। इसी प्रकार विजय रातीबड़ इलाके का रहने वाला है। उसके खिलाफ भी पहले से अपराध दर्ज हैं।

## शासकीय कार्य से आए कर्मचारी को कार ने मारी टक्कर, गंभीर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मंगलवारा स्थित शाकिर अली अस्पताल के पास एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के सप्ताहभर बाद घायल के साथी ने थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार और चालक की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार विवेक चौधरी (52) जबलपुर के रहने वाले हैं और कौशल विकास निगम में सहायक ग्रेड-2 के पद पर नौकरी करते हैं। बीती पांच नवंबर को वह अपने साथी राज डहेरिया के साथ काम से भोपाल आए थे। रात करीब सवा ग्यारह बजे दोनों लोग अल्पना टाकीज स्थित एक होटल के खाना खाने के बाद लौट रहे थे।

वह शाकिर अली अस्पताल के गेट के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार कार के चालक ने राजू डहेरिया को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। विवेक और उनके साथी ने घायल राजू को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया और उनके परिजनों को सूचना दी। परिजनों के आने पर वह जबलपुर वापस लौट गए थे। मंगलवार को भोपाल पहुंचने के बाद उन्होंने

## 32 हजार 340 रुपए के नकली गोगो जब्त, मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोतवाली पुलिस ने जुमेराती बाजार में एक दुकान पर छापामार कार्रवाई करते हुए वहां से पंद्र पेटी नकली गोगो (सिगरेट के खाली रेपर) जब्त किए है। जब्त माल की कीमत 32 हजार 340 रुपए बताई जा रही है। दरअसल, गोगो ब्रेंड की कॉपी कर हूबहू गोगो बनाकर एजेंट द्वारा दुकानदार को भेजे गए थे और दुकानदार इन्हें फुटकर व्यापारियों को सेल कर रहा रहा था।

एसआई माधव सिंह परिहार ने बताया कि नकली सामान बेचने वालों पर नजर रखने और सामान चेक करने वाले अधिकृत इंवेंटिगेटर्स द्वारा शिकायती आवेदन दिया गया था। शिकायती आवेदन के माध्यम से बताया गया कि जुमेराती में पंकज कोटवानी द्वारा गोगो की हूबहू कॉपी कर नकली गोगो (सिगरेट के खाली रेपर) बेचे जा रहे हैं। शिकायत पर पुलिस ने जांच की।

नकली गोगो की पुष्टि होने पर बुधवार दोपहर पुलिस ने जुमेराती में पंकज मोटवानी की दुकान पर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई में पुलिस ने दुकान से पंद्रह पेटी जब्त की। जब्त नकली गोगो की कीमत 32 हजार 340 रुपए बताई जा रही है। पुलिस की छापामार कार्रवाई के बाद जुमेराती के पान मशाला व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

**Duplicate Marklists/ Certificates**

I Aishwarya Krishnan, R/o – Onam Sadan, 2/18/553, Nehru Nagar, Rewa 486001 bring to the notice of the public that my certificate of MBBS Degree Certificate with Register No.160012883 Year 2021 of Kerala University of Health Sciences, Thrissur has been irrecoverably lost during Transit and as such I am applying to Kerala University of Health Sciences, Thrissur for issue of duplicate certificates. If any body has objection to this , please intimate the same to the under-signed as well as the University, within 15 days of this notifica-tion.(Name of the applicant with Contact No.)Aishwarya Krishnan,Mobil. - 8129886420

**मेट्रो एंकर** सिंहस्थ में उज्जैन पदस्थ रहे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अपने अनुभव किए साझा

# महाकुंभ-2028 के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए डीजीपी ने की बैठक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

उज्जैन में सिंहस्थ महाकुंभ-2028, शांति एवं गरिमापूर्ण करने मध्यप्रदेश पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी है। पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में महाकुंभ को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उज्जैन आईजी तथा एसपी उपस्थित रहे। बैठक में विशेष रूप से सरबजीत सिंह सेवानिवृत्त विशेष पुलिस महानिदेशक जो कि सिंहस्थ-2004 में आईजी उज्जैन और सिंहस्थ 2016 में विशेष पुलिस महानिदेशक इंटेलीजेंस के पद पर रह चुके हैं। उनके अलावा बैठक में उपेन्द्र जैन विशेष पुलिस महानिदेशक समेत एसपी रहे मनोहर वर्मा शामिल रहें। डीजीपी सक्सेना ने कहा कि सिंहस्थ महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन है। करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों पहुंचेगे। अतः सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था तथा सुरक्षा के इंतजाम भी इसके अनुकूल हों। क्राउड कंट्रोल और क्राउड मैनेजमेंट सिस्टम बहुत ही सुदृढ़ होना चाहिए। क्राइम कंट्रोल, एंटी नेशनल एलिमेंट कंट्रोल तथा टेररिस्ट गतिविधियों पर सजग निगाहें रखना जरूरी है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में लगे सभी व्यक्तियों की परस्पर संचार व्यवस्था तथा अन्य विभागों से भी अच्छा संचार और समन्वय होना अत्यावश्यक है। ड्रोन कैमरों तथा सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था और चौबीस घंटे मॉनीटरिंग के लिए समर्पित होना जरूरी है।



इन बिंदुओं पर हुई चर्चा

सिंहस्थ मेले की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन, और फेस रिकग्निशन तकनीक का उपयोग किया जाए। मेला क्षेत्र में मोबाइल पुलिस चौकियां स्थापित की जाएं। संपूर्ण मेला क्षेत्र में 24 घंटे पुलिस गश्त करें। एंटी-टेरर स्क्वॉड तथा बम निरोधक दस्ते को भी तैनात किया जाए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिए विशेष दल अनिवार्य हो। पुलिस और अन्य विभागों के बीच निर्बाध संचार सुनिश्चित करने के लिए एडवांस वायरलेस सिस्टम और कमांड सेंटर का उपयोग किया जाए। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए क्यूआरटी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें हर समय तैयार रखें। डीजीपी ने कहा कि बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए। इनके लिए विशेष सहायता केंद्र और मेला क्षेत्र में नजदीकी पार्किंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। सिंहस्थ मेला क्षेत्र को विभिन्न जोन और सेक्टर में विभाजित करें। प्रत्येक सेक्टर में एक प्रभारी अधिकारी तैनात करा जाए।

### ट्रैफिक व्यवस्था

ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न रूट प्लान बनाए जाएं। उज्जैन के नजदीकी जिलों को भी ट्रैफिक प्लान में सम्मिलित कर विस्तृत प्लान बनाएं। मेला क्षेत्र में वाहनों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पार्किंग स्थलों की संख्या बढ़ाई जाएगी और सिटी बसों के साथ-साथ ई-रिक्शा की भी व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए मुख्य मार्गों पर सूचना केंद्र बनाए जाएंगे और रियल-टाइम ट्रैफिक अपडेट के

### विशेष प्रबंध

पुलिस प्रशासन इस बार सिंहस्थ मेले के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सहायता के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी करेगा, जो चौबीस घंटे सक्रिय रहेगा। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष हेल्पडेस्क और बाल सुरक्षा केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई जाए। इसके अलावा, भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए स्वयंसेवकों और स्थानीय लोगों को भी शामिल किया जाए।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022